हरिभूमि
रायपुर भूमि



**वाईफाई-इंटरनेट की सुविधा**

विभागीय सूत्रों के अनुसार नई तहसील बिल्डिंग हाईटेक होगी। बिल्डिंग में वाईफाई-इंटरनेट की सुविधा से लेकर सीसीटीवी कैमरों से लैस रहेगी। खासकर पार्किंग में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। पार्किंग से लेकर बिल्डिंग में सुरक्षा की दृष्टि से कई जगह अग्निशामक यंत्र भी लगाए जाएंगे, ताकि आग लगने जैसी घटना होने पर समय रहते काबू पाया जा सके।

# अंग्रेजों के जमाने की तहसील बिल्डिंग टूटेगी, बनेगा चार मंजिला हाईटेक भवन, यहीं रहेगा स्कॉईवॉक एस्केलेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में अंग्रेजों के जमाने के तहसील कार्यालय भवन को तोड़ने की तैयारी की जा रही है। इस पुरानी तहसील की जगह अब हाईटेक चार मंजिला नई तहसील बिल्डिंग बनेगी, जिसमें पार्किंग, लिफ्ट से लेकर सभी तहसीलदारों के लिए कोर्ट रूम के साथ कानूनगो शाखा, डायवर्सन शाखा, आवक-जावक, हाईटेक रिकार्ड रूम, वेटिंग हॉल सहित अन्य राजस्व से संबंधित विभाग के कर्मचारियों के लिए अलग-अलग रूम होंगे। इस बिल्डिंग के बगल में स्कॉईवॉक का एस्केलेटर भी बनेगा। इस एस्केलेटर के बनने से पैदल यात्रियों को बहुत सुविधा मिलेगी। पैदल यात्री ट्रैफिक में फंसे बगैर स्काईवॉक के रास्ते सीधे तहसील कार्यालय पहुंच सकेंगे।

### 11.50 करोड़ की लागत से बनेगी नई तहसील बिल्डिंग

शास्त्री चौक के डीकेएस हास्पिटल के बाजू स्थित तहसील कार्यालय का पुराना भवन अब जल्द ही तोड़ दिया जाएगा। इसकी जगह अब यहां लगभग 11 करोड़ 50 लाख की लागत से 4 मंजिला नई हाईटेक बिल्डिंग बनेगी। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस बिल्डिंग के ग्राउंड में पार्किंग रहेगी, वहीं फर्स्ट फ्लोर से लेकर फोर फ्लोर तक राजस्व विभाग के अधिकारियों और ▶▶|शेष पेज 20 पर

### शिफ्टिंग हो चुकी, बस अब तोड़ने की तैयारी

पुराने तहसील कार्यालय को छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पुराने भवन में शिफ्ट किया गया है। इसकी शिफ्टिंग हुए लगभग तीन माह हो चुका है, जिसके बाद से पुराना भवन खाली पड़ा हुआ है। लोक निर्माण विभाग नई बिल्डिंग को बनाने के लिए पहले ही एक एजेंसी को ठेका दे चुका है। हालांकि खाली होने के बाद भी एजेंसी ने अब तक पुराने भवन को तोड़ने का काम शुरू नहीं किया है।

### स्कॉईवॉक का एस्केलेटर तहसील कार्यालय के पास बनेगा

शहर में ट्रैफिक व्यवस्था से अब पैदल यात्री भी परेशान हैं। इसे देखते हुए स्कॉईवॉक का निर्माण पूर्ण कराने के लिए शासन ने निर्णय लिया है, ताकि जयस्तंभ चौक से लेकर अंबेडकर अस्पताल तक पैदल यात्रियों को ट्रैफिक से मुक्ति मिल सके। स्काईवॉक का उपयोग कर पैदल यात्री आसानी से आना-जाना कर सकें। इसके लिए स्काईवॉक में 12 जगहों पर सीढ़ी के साथ एस्केलेटर भी लगाए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### जिला उपभोक्ता आयोग में ई-हियरिंग का उद्घाटन

**रायपुर।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में गुरुवार को ई-हियरिंग के माध्यम से सुनवाई का उद्घाटन किया जाएगा। उद्घाटन जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष डाकेश्वर प्रसाद शर्मा करेंगे। उद्घाटन समारोह सुबह साढ़े 11 बजे से शुरू किया जाएगा। इस अवसर विशिष्ट वर्ग के लोगों को आमंत्रित किया गया है। ई-हियरिंग से सुनवाई शुरू होने में लोगों को तय समय में न्याय मिलेगा।

### बच्ची से किया अनाचार आरोपी पड़ोसी गिरफ्तार

**रायपुर।** विधानसभा पुलिस ने 10 साल की बच्ची से रेप के आरोप में उसके पड़ोसी को गिरफ्तार किया है। बच्ची से रेप के आरोप में पुलिस ने नागेश्वर यादव को गिरफ्तार किया है। नागेश्वर सोमवार-मंगलवार दरमियानी रात बच्ची को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाकर रेप किया। घटना की जानकारी देने पर बच्ची को जान से मारने की धमकी दी थी। बच्ची ने पूरी घटना अपने परिजनों को बताई, तब परिजन नागेश्वर के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे।

### बाइक चोरी के आरोप में दो शातिर गिरफ्तार

**रायपुर।** आमानाका पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने के आरोप में दो शातिरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की साढ़े चार लाख रुपए कीमत की तीन



महंगी बाइक जब्त की है। बाइक चोरी करने के आरोप में पुलिस ने आजाद चौक निवासी शिवम सिंह राजपूत तथा गुढ़ियारी निवासी आयुश उर्फ बबली राउत को गिरफ्तार किया है।

### माल लोड करने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाने में एक इस्पात कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी ने वहीं के दो लोगों के खिलाफ ट्रक में माल लोड करने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जागेश्वर साहू ने दीपक एवं आकाश ठाकुर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। जागेश्वर ने पुलिस को बताया कि हमाल नहीं आने की वजह से वह अपने साथियों के साथ ट्रक में माल लोड किया था। दूसरे दिन दीपक तथा आकाश जागेश्वर से माल लोड करने के विवाद पर मारपीट की।

अमृत मिशन से हुआ उरकुरा स्टेशन का कायाकल्प, आधुनिक सुविधाओं का यात्रियों ने लिया लाभ

# उरकुरा स्टेशन हुआ हाई-फाई, अब एक्सप्रेस ट्रेनें भी रुक सकेंगी, पानी, टायलेट कहां, एक क्लिक में चलेगा पता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमृत भारत स्टेशन पुनर्विकास योजना के तहत देशभर के 103 स्टेशनों को नए स्वरूप में विकसित किया गया, जिनका उद्घाटन गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत भिलाई, भानुप्रतापपुर, अंबिकापुर और उरकुरा रेलवे स्टेशन भी इस सूची में शामिल हैं। रेलवे ने इन स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक और सुरक्षित बनाया है। खास बात यह है कि कुछ सुविधाएं ऐसी हैं, जो रायपुर के मुख्य रेलवे स्टेशन पर भी नहीं मिलतीं। हरिभूमि टीम ने उरकुरा स्टेशन का जायजा लिया, जहां यात्रियों की सुविधा के लिए एक अनूठी पहल की गई है। स्टेशन परिसर में जगह-जगह विशेष क्यूआर कोड लगाए गए हैं, जिन्हें स्कैन करते ही मोबाइल पर स्टेशन की सभी जरूरी जानकारियां मिल जाती हैं, जैसे पीने के पानी की ▶▶|शेष पेज 20 पर







नए उरकुरा रेलवे स्टेशन का पीएम नरेंद्र मोदी ने किया वर्चुअली उद्घाटन

### अब मोबाइल से कर सकेंगे शिकायत

रेलवे यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब अगर किसी यात्री को स्टेशन परिसर में किसी भी तरह की समस्या होती है, तो वह सीधे अपने फोन से संबंधित अधिकारियों को कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकता है। स्टेशन परिसर में आरपीएफ, जीआरपी और रेलवे के अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के मोबाइल नंबर प्रदर्शित किए गए हैं, ताकि यात्री बिना किसी परेशानी के तुरंत संपर्क कर सकें। रेल अधिकारियों के अनुसार, आने वाले समय में इस सुविधा को और भी ज्यादा अपडेट किया जाएगा, जिससे शिकायतों का समाधान और भी तेजी से किया जा सकेगा।

### उरकुरा से अब रुक सकेंगी एक्सप्रेस ट्रेनें भी

रायपुर का सबसे नजदीकी स्टेशन उरकुरा अब सुविधाओं के लिहाज से किसी बड़े स्टेशन से कम नहीं रहा। इसके पुनर्विकास के बाद रेलवे को भी इससे बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है। अब रेलवे आवश्यक होने पर यहां एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव भी दे सकता है। रेल अधिकारियों का कहना है कि अक्सर पटरियों की मरम्मत या अन्य तकनीकी कार्यों के चलते ट्रेनों को रद्द करना पड़ता था, लेकिन अब उरकुरा एक वैकल्पिक स्टेशन के रूप में उपयोग किया जा सकेगा। प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ा दी गई है और उसके ऊपर शेड की व्यवस्था है। साथ ही प्रतीक्षालय, शौचालय और पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं भी पर्याप्त रूप से उपलब्ध हैं। अब तक इस प्रकार की स्थिति में केवल ▶▶|शेष पेज 20 पर

## ड्रग तस्करी, प्रोफेसर गैंग की एक युवती सहित चार को पांच वर्ष कैद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खम्हारडीह थाना क्षेत्र में पिछले वर्ष कोकीन तथा एमडीएम के साथ पकड़े गए प्रोफेसर गैंग की एक युवती सहित चार लोगों को स्पेशल कोर्ट ने पांच-पांच वर्ष कैद के साथ 50-50 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश किरण थवाइत की एनडीपीएस कोर्ट में हुई है।

- पिछले वर्ष पुलिस ने धोतरे मैरिज गार्डन में छापा मारकर चारों को किया था

लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार ड्रग्स तस्करी करने के आरोप में प्रोफेसर गैंग के सरगना आयुष अग्रवाल, चिराग शर्मा, कुसुम हिंदूजा और महेश सिंह खड़का को कोर्ट ने ▶▶|शेष पेज 20 पर

### मनी हाईट्स की तर्ज पर संचालित कर रहे थे

पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने छापा मारकर जिन लोगों के कब्जे से मादक पदार्थ जब्त किया था, वे सभी स्पेनिश टीवी सीरिज मनी हाईट्स की तर्ज पर ड्रग्स बेचने का काम कर रहे थे, जिसमें एक प्रोफेसर गैंग बनाकर अपराध को अंजाम देता था। पुलिस ने शातिरों के कब्जे से 6.60 ग्राम कोकीन, 2.10 ग्राम एमडीएम, छह तोला सोना, एक आडी कार और 86 हजार रुपए कैश जब्त किया था।

## तड़के तक हुई एक सेमी बारिश ने 9 डिग्री गिरा दिया पारा, मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बुधवार देर रात शुरु हुई बारिश गुरुवार तड़के तक रुक-रुककर होती रही। गुरुवार शाम पांच बजे तक रायपुर में एक सेमी बारिश दर्ज की गई है। इस एक सेमी बारिश ने तापमान 24 घंटे में ही 9 डिग्री गिरा गया। बुधवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 41.4 रहा, जो गुरुवार को 32.7 डिग्री पर पहुंच गया। ना सिर्फ रायपुर बल्कि पूरे प्रदेश का तापमान 35 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। गुरुवार को सर्वाधिक तापमान रायगढ़ में 35.1 डिग्री रहा। सबसे कम तापमान 23 डिग्री दुर्ग में रहा। भैरमगढ़ ▶▶|शेष पेज 20 पर

- बुधवार को 41.4 डिग्री थी रायपुर का तापमान, गुरुवार को पहुंचा 32.7 डिग्री पर

### सक्रिय हुआ दक्षिण-पश्चिम मानसून

दक्षिण-पश्चिम मानसून दक्षिण अरब सागर के कुछ भाग, मालदीव, कॉमरीन क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग, उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग में मानसून सक्रिय है। वहीं दक्षिण पश्चिम मानसून के कुछ और भाग में सक्रिय होने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मंडल तक पूर्व-मध्य अरब सागर, उत्तर कर्नाटक और गोवा तट से सुदूर स्थित है।




प्रदेश में दस हजार से ज्यादा कारोबारी, पंजीयन करीब ढाई हजार का ही

# हॉलमार्क का पंजीयन कराए बिना बेच रहे हैं जेवर, अब तक किसी पर एक्शन भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के सराफा कारोबारी हॉलमार्क पर गंभीर ही नहीं हैं। दो साल बाद भी दस हजार कारोबारियों में से करीब ढाई हजार ने ही पंजीयन कराया है। ज्यादातर बड़े कारोबारियों ने तो पंजीयन करा लिया है, लेकिन छोटे कारोबारी जिनका कारोबार 50 लाख से कम है और जो जीएसटी के दायरे में भी नहीं आते, वो पंजीयन कराने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं, जबकि हर तरह की सोने की ज्वेलरी पर हॉलमार्क ▶▶|शेष पेज 20 पर

### 75 फीसदी का पंजीयन नहीं

जेवर बेचने वालों के लिए भी हॉलमार्क में पंजीयन कराना जरूरी होने के बाद भी अपने राज्य में 75 फीसदी ने अपना पंजीयन कराया ही नहीं है। प्रदेश में दस हजार सराफा कारोबारी हैं जो सोने के जेवर बेचने का काम करते हैं। राजधानी रायपुर में ही दो हजार से ज्यादा कारोबारी हैं। रायपुर सराफा एसोसिएशन के 602 सदस्य हैं। रायपुर सराफा एसोसिएशन के सदस्यों में से ज्यादातर ने पंजीयन करा लिया है, लेकिन इसके अलावा भी छोटे मोहल्लों और कालोनियों में कई ज्वेलर्स ऐसे हैं जो एसोसिएशन ▶▶|शेष पेज 20 पर



### प्रदेश में दस सेंटर

हॉलमार्क के प्रदेश में चार जिलों में दस सेंटर हैं। राजधानी रायपुर में छह, दुर्ग में दो और राजनांदगांव और बिलासपुर में एक-एक सेंटर है। इन सेंटर के सौ किलोमीटर के दायरे में आने वाले सराफा कारोबारी अपना पंजीयन करा सकते हैं। इतनी सुविधा होने के बाद भी कारोबारी पंजीयन नहीं करा रहे हैं। इसके उलट सेंटर बढ़ाने की मांग की जा रही है।

### पंजीयन करवाएं और कार्रवाई से बचें

प्रदेश के सभी सराफा कारोबारियों को हॉलमार्किंग का पंजीयन कराना चाहिए। जिसने भी पंजीयन नहीं कराया है, वो करा लें, आने वाले समय में कभी भी कार्रवाई होने पर कारोबारी परेशानी में पड़ सकते हैं।

– **प्रकाश गोलछा,** महासचिव छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन



अनंत श्री विभूषित ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य
ब्रम्हलीन स्वामी
श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज



परमपूज्य ब्रह्मचारी
श्री सुबुद्धानंद जी महाराज
(उभयपीठ सचिव) एवं अध्यक्ष राजराजेश्वरी सेवा ट्रस्ट कोत्रगर एवं परमहंसी गंगा आश्रम



परम पूज्य पश्चिमाम्नाय शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी
श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज
के करकमलों से लोकार्पण



ब्रह्मचारी डॉ. इन्दुभवानंद जी
आश्रम प्रभारी, रायपुर



मुख्य अतिथि



मान. महामहिम श्री रमेन डेका जी
(राज्यपाल) छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज अंतर्गत

## छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र महाविद्यालय के 30 वें स्थापना दिवस पर आयोजित

# "विप्र पब्लिक स्कूल भवन लोकार्पण समारोह"

## लगभग 7 करोड़ रु. की लागत से 70,000 वर्गफीट में निर्मित, 70 कमरों से युक्त 2017 में स्थापित विप्र पब्लिक स्कूल के नवीन भवन का लोकार्पण






| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मान. श्री बृजमोहन अग्रवाल (सांसद एवं पूर्व मंत्री) छ.ग. शासन | मान. श्री राजेश मूणत (विधायक एवं पूर्व मंत्री) छ.ग. शासन | मान. श्री रविन्द्र चौबे (पूर्व मंत्री) छ.ग. शासन | मान. श्रीमती मीनल चौबे (महापौर) नगर निगम रायपुर छ.ग. | मान. श्री पुरंदर मिश्रा (विधायक) रायपुर उत्तर |
| मान. श्री अनुज शर्मा (विधायक) धरसींवा | मान. श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी (अध्यक्ष) जिला पंचायत, बेमेतरा | मान. श्री सुशांत शुक्ला (विधायक) बेलतरा | मान. श्री शशांक शर्मा (अध्यक्ष) साहित्य अकादमी, छ.ग. | मान. श्री नीलू शर्मा (अध्यक्ष) पर्यटन मंडल, छ.ग. |

## कार्यक्रम

दिनांक 23 मई सन 2025, दिन शुक्रवार, समय - सायं 5:30 बजे
स्थान - विप्र पब्लिक स्कूल परिसर, विप्र महाविद्यालय के सामने, डुमरतालाब, जी.ई. रोड रायपुर

### इस गरिमामय अवसर पर आप सादर आमंत्रित है...

**प्रतीक्षारत :** ज्ञानेश शर्मा, अविनाश शुक्ला, उमाकांत तिवारी, आनंद पाण्डेय, प्रमोद शर्मा, सुबीर तिवारी, भूपेन्द्र शर्मा, डॉ.ध्रुव पाण्डेय, प्रकाश तिवारी, संजय दीवान, सौमित्र दुबे, प्रो. ऊषा दुबे,नरेन्द्र तिवारी, अनुराग पाण्डेय (आई.ए.एस.), के. के. शुक्ला, सुरेंद्र शुक्ला, श्रीमती कुसुम शर्मा, नटराज शर्मा, डॉ. मेघेश तिवारी, विवेक शर्मा, दिव्या शर्मा, कैलाश शर्मा, मोहित श्रीवास्तव, आराधना शुक्ला, श्रीमती पदमा ओझा, व्यासनारायण चौबे, अशोक दीवान, एल. एन. तिवारी, डी. पी. तिवारी, एम. एल. पांडेय, व्यासनारायण शुक्ला, बीरेन्द्र शुक्ल, किरण पुराणिक, हरीश मिश्रा, श्रीमती भारती शर्मा, श्रीमती विभा तिवारी, प्रीति शुक्ला, सरिता शर्मा, सुनीता शर्मा, नवीन शर्मा वास्तुविद, हर्ष दीवान, प्रकाश तिवारी , प्रमोद, एस. सी. तिवारी, सुनील पाण्डेय, राजेन्द्र, मनोज शुक्ला, समरेन्द्र, रामावतार तिवारी, मयंक स्थापक, सुनील शर्मा, अशोक, दामोदर शर्मा, गज्जू उपाध्याय, निश्चय, महेंद्र चौबे, यशवंत चौबे, सुरेश दुबे, प्रथम कुमार, अश्वनी तिवारी, रमेश शर्मा, विवेक, सौरभ शर्मा, परिवेश मिश्रा, सौमित्र मिश्रा, मयंक तिवारी, बंटी, मोनू, नीरज शर्मा, हर्षित शर्मा, हिमांशु तिवारी, सत्यम शुक्ला, पार्थ चौबे, शिवेन्द्र चौबे, सुयश शर्मा, अनिमेश शर्मा, विमल मिश्रा, आकाश दीवान, अक्षय दीवान, अमित दीवान, संदीप शर्मा, विजय शर्मा, राजू महाराज, गौरी शंकर दुबे, उत्कर्ष पाण्डेय, हरीश तिवारी, नवीन शुक्ला, शैलेन्द्र शर्मा, सागर मिश्रा, नीरज शर्मा, प्रतीक तिवारी, प्रवीण तिवारी, शलभ शर्मा, अजय तिवारी, प्रशांत शुक्ला, विनय शुक्ला, अनिकेत मिश्रा, अभिजीत तिवारी, भारती शर्मा, सुषमा शर्मा, रत्ना मिश्रा एवं मित्रगण.

## निधन

### पं. रमाकांत शर्मा



रायपुर। श्रीराम नगर निवासी श्रीदेव पंचांग के उपसंपादक पं. रमाकांत शर्मा का 22 मई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 23 मई को सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे आशुतोष, अभिषेक शर्मा के पिता और पं. लक्ष्मीकांत शर्मा, उमाकांत शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, नरेंद्र शर्मा के भाई थे।

### इंद्रधर दीवान



रायपुर। खम्हरिया निवासी इंद्रधर दीवान (50) का 20 मई को निधन हो गया। वे घनश्यामधर के छोटे भाई और अशोकधर के भतीजे थे।

### नन्नूलाल चक्रधारी



रायपुर। रामनगर गुढ़ियारी निवासी नन्नूलाल चक्रधारी का 22 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे मानकी चक्रधारी के पति तथा ओमेश एवं मोहित चक्रधारी के पिता थे।


**//आम सूचना//**

(ग्राम - अमलीडीह प.ह.नं. 69 रा.नि.मं. रायपुर 11 टिकरापारा तहसील रायपुर व जिला रायपुर में स्थित भूमि के संबंध में)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार ने विक्रेतागण 1. श्रीमती जीरा बाई साहू धर्मपत्नि स्व. सीताराम साहू 2. मेघुराम साहू आत्मज स्व. सीताराम साहू 3. राकेश कुमार साहू आत्मज स्व. सीताराम साहू 4. यशोदा साहू आत्मजा स्व. सीताराम साहू 5. भुनेश्वरी साहू आत्मजा स्व. सीताराम साहू 6. गीता साहू आत्मजा स्व. सीताराम साहू 7. नीता साहू आत्मजा स्व.सीताराम साहू 8. जीतू साहू आत्मज स्व. सीताराम साहू सभी निवासी अमलीडीह रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित भूमि वाके मौजा ग्राम - अमलीडीह प.ह.नं. 69, रा.नि.मं रायपुर 11 टिकरापारा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में नगर निगम सीमा के अंदर स्थित खसरा नंबर 224 / 78 रकबा 0.0074 हे. अर्थात 800 वर्गफुट को खरीदने का पक्का सौदा कर लिया है तथा जिसका पंजीयन किया जाना शेष है ।

उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय - अर्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी पारिवारिक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजर, दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि से 05 दिनों के भीतर हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेंवे। समयावधि पश्चात् की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

सो सूचना जाने
स्थान : रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 22/05/ 2025

**हरनामदास सुदंरानी**
**कौशलेन्द्र तिवारी, अनंत तिवारी**
**अधिवक्तागण,**
**लिबर्टी जम्बो फोटो कापी सेंटर,**
**कचहरी चौक, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. नं. 98261-81154**


# बीएड से अधिक मौजूदगी डीएलएड में, पहली बार खराब मौसम से निपटने व्यापम ने तैयार रखी बत्ती

**अंधेरे में एमसीए के छात्रों ने हल किए थे पर्चे, इसके बाद बदली व्यवस्था, बीएड में 67% और डीएलएड में 73% रही उपस्थिति**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने गुरुवार को बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की। इस बार व्यापम को बीएड से अधिक आवेदन डीएलएड के लिए प्राप्त हुए थे। यही स्थिति उपस्थित छात्रों के संदर्भ में भी रही। बीएड से अधिक डीएलएड प्रवेश परीक्षा में छात्र उपस्थित रहे। प्री बीएड के लिए व्यापम को 1.90 लाख आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 67 प्रतिशत छात्र परीक्षा में शामिल रहे। प्री डीएलएड के लिए व्यापम को 2.83 लाख आवेदन मिले थे। इनमें से 73 प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा दिलाई।

परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों और कोचिंग विशेषज्ञों के मुताबिक, दोनों ही प्रश्नपत्र सामान्य रहे। पैटर्न अन्य वर्षों की ही तरह रहा। सवाल अधिक कठिन अथवा अधिक सरल ना होकर सामान्य थे। चूंकि दोनों ही प्रवेश परीक्षा में एक लाख से अधिक छात्र शामिल हुए हैं, ऐसे में कटऑफ नंबर अधिक जाने की संभावना है। प्रदेश में बीएड 14,400 की तथा डीएलएड की 6,720 सीटें हैं, जिनमें शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश दिए जाएंगे।

### 1062 केंद्रों में परीक्षा

प्री डीएलएड व्यापम द्वारा वर्तमान सत्र में आयोजित एकमात्र ऐसी प्रवेश परीक्षा रही जिसके लिए हजार से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए। प्री डीएलएड प्रदेश के 1062 परीक्षा केंद्रों में हुई, जबकि बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए 650 केंद्र ही बनाए गए थे। उपस्थिति का प्रतिशत अन्य प्रवेश परीक्षाओं से बेहतर होने के कारण कक्ष के रिक्त रहने अथवा पर्यवेक्षकों की संख्या अभ्यर्थियों से अधिक रहने जैसी स्थिति निर्मित नहीं हुई। छात्रों को घंटेभर पहले शुरु हुई सुरक्षा जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया।

### प्री एमसीए मामले में अब तक सुनवाई नहीं

एक मई को पीपीटी और प्री एमसीए के साथ व्यापम की प्रवेश परीक्षाओं की शुरुआत हुई थी। पहली पाली में पीपीटी का आयोजन करने के बाद दूसरी पाली प्री एमसीए का आयोजन किया गया था। इस दौरान मौसम बिगड़ने के कारण दूसरी पाली में छात्रों को अंधेरे में पर्चे हल करने पड़े थे। शांति नगर कन्या शाला, जेएन पांडेय सहित कई विद्यालयों में बिजली गुल होने के चलते विद्यार्थी अंतिम के 60 मिनट में सवाल हल नहीं कर सके। इसे लेकर परीक्षार्थियों ने व्यापम को खत भी लिखा था। इस पर अब तक कोई सुनवाई नहीं हो सकी है। इस घटना के बाद खराब मौसम को देखते हुए व्यापम द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों में इमरजेंसी लाइट तैयार रखने निर्देश दिए गए थे। हालांकि इसकी नौबत नहीं आई। ऐसा पहली बार है, जब व्यापम ने खराब मौसम के कारण केंद्रों को विशेष तैयारी के निर्देश दिए थे।

### पूछा-हीमोग्लोबिन की खासियत, रदरफोर्ड किस आविष्कार के लिए प्रसिद्ध

बीएड प्रवेश परीक्षा में शिक्षा शास्त्र आधारित सवालों की अधिकता रही। अध्यादेश, संज्ञा के प्रकार, लोकोक्ति, शिक्षा के प्रचार-प्रसार, शिक्षकों की मनोवैज्ञानिक दक्षता, रचनावादी दृष्टिकोण जैसे प्रश्न पूछे गए। इसके उलट डीएलएड प्रवेश परीक्षा में पूछे गए सवाल रोचक रहे। इसमें छात्रों से हीमोग्लोबिन की खासियत, भारतीय संविधान की प्रस्तावना, ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी, महावीर स्वामी को किस नदी तट कर कैवल्य की प्राप्ति हुई, लोकसभा सीट आवंटन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार खेल शिक्षा का अंतिम लक्ष्य, रदरफोर्ड किस आविष्कार के लिए प्रसिद्ध हैं, जैसे सवाल पूछे गए।

# छत्रपति शिवाजी एक्सप्रेस आज रहेगी रद्द, पटना-चर्लपल्लि स्पेशल ट्रेन अब 1 अगस्त तक चलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा संतरगाछी यार्ड में नॉन इंटरलाकिंग कार्य किया जाएगा। इस कारण 23 मई को 12870 हावड़ा–छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 25 मई को 12869 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल–हावड़ा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। ट्रेन के रद्द होने से छत्तीसगढ़ समेत महाराष्ट्र के हजारों यात्रियों को दिक्कत होगी। लगातार मुंबई रूट की ट्रेनों के रद्द होने से यात्री इन दिनों परेशान हैं। कन्फर्म टिकट आसानी से नहीं मिल रहा है।



**पटना के मध्य 18 फेरों के लिए स्पेशल ट्रेन**

ग्रीष्मकालीन के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए पटना-चर्लपल्लि-पटना के मध्य 18 फेरों के लिए स्पेशल ट्रेन के परिचालन का विस्तार किया गया है। गाड़ी संख्या 03253 पटना-चर्लपल्लि द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन, पटना से 17 मार्च 2025 से 28 मई 2025 तक (22 फेरा) प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को चल रही थी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 07255 चर्लपल्लि-पटना स्पेशल ट्रेन, चर्लपल्लि से 19 मार्च 2025 से 28 मई 2025 तक (11 फेरा) प्रत्येक बुधवार को तथा गाड़ी संख्या 07256 चर्लपल्लि-पटना स्पेशल ट्रेन, चर्लपल्लि से 21 मार्च से 30 मई 2025 तक (11 फेरा) प्रत्येक शुक्रवार को चल रही थी। इस गाड़ी का विस्तार दिनांक 01 अगस्त, 2025 तक किया गया है ।

### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का झांसी पर परिचालन समय में परिवर्तन

उत्तर मध्य रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित गाड़ी संख्या 18238 अमृतसर - बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस वीरांगना लक्ष्मी बाई जंक्शन (झांसी) पर दिनांक 28 मई से प्रवर्तित समय आगमन 12.50 बजे प्रस्थान 12.55 बजे पहुंचकर अपने गंतव्य को रवाना होगी ।

**चार साल बाद भी नगर निगम के नाम पर जमीन नहीं होने पर प्रस्ताव तय नहीं**

# पंडरी के पुराने बस स्टैंड की 17 एकड़ बेशकीमती जमीन खाली, रिकार्ड दुरुस्त नहीं करा पाया निगम

**जोन 2 ने कराया था सर्वे, 20 एकड़ में फैली जमीन सर्वे में निकली 17 एकड़**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पंडरी बस स्टैंड की बेशकीमती जमीन का नगर निगम ने रिकार्ड दुरुस्त नहीं कराया है। यह जमीन राजस्व रिकार्ड में सरकारी जमीन के रूप में दर्ज है। 20 एकड़ क्षेत्र में फैली बेशकीमती जमीन सर्वे में 17 एकड़ निकली। इसमें भी 3 एकड़ जमीन लीज पर है। ऐसे में नगर निगम का राजस्व विभाग पूरी जमीन का सीमांकन कराएगा। नगर निगम के नाम जमीन होने के बाद ही शासन स्तर पर यह तय होगा कि इस जमीन पर किस तरह का प्रोजेक्ट लाया जाए।

दरअसल, चार दशक राजधानी रायपुर के बस स्टैंड के के रूप में सुर्खियों में रहने वाले पंडरी के पुराने बस स्टैंड की जमीन का नगर निगम ने 3 साल पूर्व जोन स्तर पर सर्वे कराया। जोन 2 की टीम द्वारा किए गए सर्वे में पंडरी बस स्टैंड की जमीन 17 एकड़ निकली, इसमें पुराना आरटीओ दफ्तर वाली जगह के साथ डिपो नंबर 1 और डिपो नंबर 2 की जगह शामिल है। सुलभ शौचालय से रैनबसेरा वाली जगह के साथ पुराने बस स्टैंड का खाली पड़ा आरक्षण काउंटर भी बस स्टैंड वाली जगह में शामिल है।



### लीज की अवधि खत्म दूसरा पक्ष कोर्ट से हारा

सूत्रों के मुताबिक पंडरी के पुराने बस स्टैंड में नगर निगम द्वारा ट्रैवल्स एजेंसी व अन्य उद्योग समूहों को लीज पर जमीन दी गयी थी। जमीन की लीज अवधि समाप्त हो चुकी है। निगम द्वारा जमीन खाली कराने से पहले दोनों पक्ष कोर्ट में चले गए। इसमें एक मामले में निगम के पक्ष में फैसला आने के बाद उस जमीन को खाली करा लिया गया है। वहीं एक अन्य मामले में कोर्ट ने निगम के पक्ष में फैसला दिया। ऐसे में कोर्ट से हारने के बाद संबंधित पक्ष पर जमीन खाली करने दबाव बनाया जा सकता है। जोन के अधिकारियों का कहना है, 3 एकड़ जमीन इससे मिल सकती है। इस तरह 20 एकड़ जमीन पर एक बड़े प्रोजेक्ट का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।

### रिकार्ड दुरुस्त कर पीपीपी मोड पर लाएंगे

पंडरी के पुराना बसस्टैंड वाली जमीन का रिकार्ड दुरुस्त कराएंगे। यही नहीं, इस जमीन पर नगर निगम पीपीपी मोड पर प्रोजेक्ट लाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी करेगा।

**-मीनल चौबे,** महापौर
नगर निगम रायपुर

# 29 समूह की दीदियों को हरियर राजधानी बनाने की मिली जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- अलग-अलग लोकेशन पर प्रत्येक समूह की 3 स्वच्छता दीदियों को जिम्मा
- महापौर मीनल चौबे ने गार्डन किट दिये

शहर के 29 महिला स्वसहायता समूहों की स्वच्छता दीदियों को राजधानी को हरा-भरा बनाने की जिम्मेदारी मिली है। ये महिलाएं अलग-अलग लोकेशन पर पानी की उपलब्धता और फैंसिंग की व्यवस्था देखेंगी। महापौर मीनल चौबे ने पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग अध्यक्ष भोलाराम साहू की उपस्थिति में स्वच्छता दीदियों को गार्डन किट प्रदान किये। 3-3 महिलाएं प्रत्येक लोकेशन पर पौधारोपण के लिए सफाई, पानी की उपलब्धता और पौधों की सुरक्षा के लिए फैंसिंग की व्यवस्था साइट पर देखेंगी।

केन्द्र की अमृत मिशन योजना के अंतर्गत शहरी आजीविका मिशन में 29 महिला स्व सहायता समूहों की स्वच्छता दीदियां अब शहर को सुंदर बनाने में सहभागी बनेंगी। गुरुवार को महात्मा गांधी सदन में महापौर मीनल चौबे ने इन महिलाओं को रायपुर शहर को हरियाली से युक्त करने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी। इस मौके पर एमआईसी सदस्य खेमकुमार सेन, उपायुक्त जसदेव सिंह बाबरा, एनयूएलएम की प्रभारी अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, सिटी मिशन प्रबंधन इकाई की मिशन मैनेजर सुषमा मिश्रा, सरिता सिन्हा, कोमल भल्ला, सहित स्वसहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

**गड़रिया धनगर समाज का प्रदेश स्तरीय चुनाव 25 को** : रायपुर। खैरागढ़ जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत बाजार अतरिया में 25 मई को गड़रिया धनगर का प्रदेश स्तरीय चुनाव किया जाएगा। साथ ही खैरागढ़ में मुख्य संगठन, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ का चुनाव होगा। चुनाव के बाद विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा होगी, जिसमें युवक-युवती परिचय सम्मेलन, आदर्श सामूहिक विवाह और 10-12वीं में पास हुए छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह शामिल है। कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष चंद्रपाल धनगर, मनोज धनगर, छोटेलाल धनगर, कपूरचंद धनगर, अजय हंसा आदि उपस्थित रहेंगे।


करन मोटर्स
GRAND OPENING
का 4000 स्वायर फीट में नया शोरूम ओपन
शोरूम ओपनिंग की खुशी में ऑफर
SPECIAL OFFER
कोई भी पुरानी ई रिक्शा 4 बैटरी वाली लायें और लिथियम बैटरी वाली ई रिक्शा लेकर जायें बिना किसी डाउनपेमेंट के
3 साल की वारंटी के साथ
आपकी पुरानी ई रिक्शा का 40000/- पायें
0% डाउनपेमेंट
कर्मा मेडिकल स्टोर के सामने कर्मा चौक, रामनगर रायपुर
98267 77050, 95845 00013



**कार्यालय रा.नि.मं. पलौद तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.)**
**:: आम सूचना ::**
जारी दिनांक 22.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सौजन्य शर्मा पिता दिनेश शर्मा निवासी गुजरा द्वारा आवेदित ग्राम गुजरा प.ह.नं. 20 राजस्व निरीक्षक मंडल पलौद स्थित भूमि खसरा नंबर 103/3 रकबा 1.04 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद आदेश दिनांक 15.05.2025 के परिपालन में दिनांक 27.05.2025 को समय अपरान्ह 12 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उस सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 20 के गुजरा स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक, पलौद**



**आम सूचना**

मौजा बरौदा (सफायन ग्रीन्स, फेस-2), प.ह.नं. 23, रा.नि.मं.-रायपुर-16-सारागांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित आवासीय परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 401/36 रकबा 0.0163 हे. के संबंध में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती अराधना देवांगन पति श्री उमेश देवांगन निवासी-44, कंकाली पारा, तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार छ.ग. ने विक्रेता सत्या केतु सिंह पिता श्री बिन्देश्वरी प्रसाद सिंह निवासी क्षेत्रपाल फल्याश ब्रिक्स के पीछे, कृष्णा पब्लिक स्कूल के पास, छोटी कोनी, बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. वर्तमान पता- ई-2, आनंद विला, एम.वी. कैरियत इंस्टीट्यूट के पास, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, भावना नगर, रायपुर तहसील व जिला रायुपर छ.ग. के हक कब्जे एवं स्वामित्व की आवासीय परिवर्तित भूमि जिसका भूखण्ड क्रमांक 535 खसरा नंबर 401/36 रकबा 0.0163 हे. अर्थात 1755 वर्गफुट जो मौजा बरौदा (सफायर ग्रीन्स, फेस-2), प.ह.नं. 23, रा.नि.मं.- रायपुर-16-सरागांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है। को क्रय करने का सौदा पक्का कर लिया है, तथा विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन किया जाना शेष है।

यह कि उपरोक्त क्रय विक्रय पर यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, प्राधिकरण निगम, केन्द्र शासन, राज्य शासन, साहूकार आदि को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करें। समाचार पत्र मे प्रकाशन के माध्यम से की गई आपत्ति/खंडन स्वीकार योग्य नही होगी। निर्धारित समयावधि पश्चात विक्रयपत्र की लिखा-पढ़ी एवं रजिस्ट्री करा ली जावेगी उस दशा में प्राप्त आपत्ति झूठी एवं नाजायज करार दी जावेगी तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। अतः ताकीद जाने।

रायपुर दिनांक 22.05.2025

**भवदीय**
**ओ.पी. देवांगन, अधिवक्ता**
**पता-भारत माता वार्ड क्रमांक-30 दुर्गा चौक, गाजी नगर बीरगांव रायपुर छ.ग.**
**मो.नं.-8349442999/9827916331**



**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ना.बा. ईशान कुमार बंजारे पिता श्री जगेश्वर कुमार बंजारे, वो वली पिता एंव माता जगेश्वर कुमार बंजारे पिता श्री सुखीराम बंजारे, वो श्रीमती अनिता बंजारे पति श्री जगेश्वर कुमार बंजारे दोनो निवासी- म.नं.-333, शहीद भगत सिंह मार्ग, इंदिरा चौक, रामनगर स्मृति नगर सुपेला, भिलाई दुर्ग रायपुर तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा अपने भूमि स्वामी हक एंव स्वामित्व की कृषि भूमि वाके मौजा-बनारसी, प.ह.नं.-79, रा.नि.मं.-रायपुर-1, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित भूमि खसरा नंबर 46/23 रकबा 0.0410 हेक्टेयर अर्थात 4400 वर्गफुट जमीन, स्थित है जिसे श्रीमान संजय यादव पिता-श्री श्यामलाल यादव, निवासी वार्ड नंबर- 06, नई जमीन रोड, ओम धाम कालोनी,माना कैम्प रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के पास विक्रय करने का सौदा किया था जिसके द्वारा संविदा की शर्तों का पालन नही करते हुए आज दिनांक तक अपने पक्ष मे बैनामा पंजीयन नही सका है। अतः श्रीमान संजय यादव को सूचित किया जाता है कि सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर वाके मौजा- बनरसी, प.ह. नं. - 79, रा.नि.मं. - रायपुर-1, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित भूमि खसरा नंबर 46 / 23 रकबा 0.0410 हेक्टेयर अर्थात 4400 वर्गफुट जमीन, स्थित है का शेष रकम अदाकर अपने पक्ष मे बैनामा पंजीयन करा लेवे। अन्यथा की स्थिति मे उपरोक्त जमीन के साथ किये गये तथा इकरारनामा स्वतः ही रद्द होकर समाप्त हो जावेगा। सो सूचना जाने।

रायपुर दिनांक 22.05.2025

**भवदीय**
**के.आर. बजारे, ए.के. अनंत अधिवक्तागण**
**कार्या/नि.-म.नं.646/55, त्रिवेदी सदन के पास कृष्णानगर, संतोषी नगर, रायपुर छ.ग.**
**मो.नं. 89658-33947,**
**मो.नं. 93291-20680**



**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**सूचना**
अमलेश्वर जारी दिनांक 19/05/2025

प्रति,
दिगम्बर पि. भुखऊ, प्रेमबती पति रामप्रताप, गजेन्द्र पि. दिगंबर, मिथलेश पि. रामबिशाल, रघुवीर पि. सिरीराम

**विषय-** सीमांकन / स्थल जांच में उपस्थित होने बाबत सूचना।

**संदर्भ -** कार्यालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) के पृ.क्र./ /ना.तह./2024 पाटन दिनांक 21/03/2025

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम महुदा प.ह.न. 05 रा.नि.मं. अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग के अंतर्गत आवेदक श्री/श्रीमती राजकुमार साहू पिता/पति श्री ईश्वरी प्रसाद आवेदित भूमि खसरा नं. 482/1 करबा 0.80 हे. के भूमि का सीमांकन / बटांकन/बंदोबस्त त्रुटि सुधार/नक्शा त्रुटि सुधार/अभिलेख दुरूस्ती/स्थल जांच दिनांक 27/05/2025 को समय 12:00 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है। आप उक्त आवेदित भूमि के बटांकनधारी भूमिस्वामी / आपकी भूमि आवेदक के भूमि से लगी हुई है अतएव आप नियत दिनांक के पूर्व पटवारी कार्यालय मे अथवा उपर उल्लेखित दिनांक को स्थल पर अपनी भूमि संबंधित बैनामा/दस्तावेज सहित निर्धारित स्थल एवं दिनांक पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। सूचनोपरान्त अनुपस्थित रहने पर आप व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगें।

हल्का पटवारी को निर्देशित किया जाता है कि आवेदित भूमि के रामीपवर्ती भूमिस्वामियों को कोटवार द्वारा सूचित कर नियत दिनांक को मय पटवारी अभिलेख के साथ उपस्थित रहे।

**टीपः-** आवेदक/आवेदिका स्थल मे अपने साथ नाप हेतु दो मजदूर एवं भूमि चिंहित करने हेतु आवश्यक सामग्री अपने साथ लेकर आयें।

**राजस्व निरीक्षक**



HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
सर्व प्रथम सेहत का ख्याल ओपीडी 50% Off
0771-3133896, +91 6264070071, 9893299953 एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल एम.बी.बी.एस., एम.एस. (कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ) मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवक एवं युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
9827555678
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

17



सास-बहू तालाब में 150 साल पुराने...


## एज्यूकेशन लाइव

# कक्षा 9वीं से 12वीं तक की बालिकाओं को मिलेगी मासिक छात्रवृत्ति, 25 मई तक आवेदन

**रायपुर।** दंतेवाड़ा जिले में संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में अध्ययनरत कक्षा 9वीं से 12वीं तक की बालिकाओं के लिए एनएमडीसी लिमिटेड द्वारा वर्ष 2024-25 के अंतर्गत बालिका शिक्षा सहयोग योजना के तहत छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य बस्तर संभाग की बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। योजना के तहत कक्षा 9वीं की छात्राओं को 250 रुपए, 10वीं को 300 रुपए, 11वीं को 350 रुपए एवं 12वीं की छात्राओं को 400 रुपए प्रतिमाह की छात्रवृत्ति दी जाएगी। इस योजना की पात्र सिर्फ बालिकाएं होंगी। छात्रा अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग अथवा सामान्य वर्ग की हो सकती हैं, लेकिन सभी वर्गों के लिए बीपीएल कार्ड अनिवार्य है। इस संबंध में आधारकार्ड की छायाप्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करनी होगी। छात्रा बस्तर संभाग दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, बस्तर, कोंडागांव, कांकेर, नारायणपुर जिले की मूल निवासी होनी चाहिए।





### आय 72 हजार से अधिक नहीं होनी चाहिए

पिछड़ा एवं सामान्य वर्ग की छात्राओं के लिए पारिवारिक वार्षिक आय 72000 से अधिक नहीं होनी चाहिए, आय प्रमाण पत्र 1 जनवरी 2024 के बाद का होना चाहिए। छात्रा को पिछली कक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य किया गया है। यदि पढ़ाई में कोई गैप रहा हो तो गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर गैप सर्टिफिकेट देना होगा। इसके अलावा आवेदन के साथ निवासी, जाति एवं आय प्रमाण पत्र, पिछली परीक्षा की मार्कशीट की छायाप्रति संलग्न किया जाना तथा छात्रा को अपने बैंक पासबुक का प्रथम पृष्ठ, जिसमें खाता क्रमांक और आईएफएससी कोड स्पष्ट हो, उसकी छायाप्रति भी लगानी होगी एवं केवल चलित खाता की पासबुक की स्पष्ट छायाप्रति मान्य होगी। इच्छुक छात्राएं अपने संस्था से आवेदन फॉर्म प्राप्त कर समस्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ 25 मई 2025 तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकती हैं।

# प्लेसमेंट कैम्प 27 मई को, निजी कंपनी में 50 पदों पर सीधी भर्ती

छत्तीसगढ़ शासन कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के निर्देशानुसार जिला रोजगार एवं मार्गदर्शन केंद्र कार्यालय परिसर टीकरकला गौरेला में 27 मई मंगलवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में निजी नियोजक (कंपनी) सेफ इंटेलिजेंट सिक्यूरिटी संस्थान द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड के 30 पदों एवं सिक्यूरिटी सुपरवाइजर के 5 पदों पर, न्यूट्रीएंटी क्रॉप केअर प्राइवेट संस्थान द्वारा फिल्ड ऑफिसर के 10 पदों पर और एग्रीकल्चर एडवाइजर के 5 पदों पर भर्ती संबंधी कार्यवाही की जाएगी। रोजगार के इच्छुक आवेदक जिन्होंने 8वीं, 10वीं कक्षा उत्तीर्ण एवं 12वीं, बीएससी (एग्रीकल्चर) में उत्तीर्ण हैं, वे इस कैम्प में भाग ले सकते हैं। योग्य उम्मीदवार अपने दो पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड एवं समस्त शैक्षणिक योग्यता संबंधित अंकसूची, प्रमाण पत्र की मूलप्रति एवं छायाप्रति के साथ कैंप में उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कार्यालय टीकरकला से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## लाइव इवेंट

# भारतीय जवानों के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मनाया जश्न



**रायपुर।** जय हरितिमा महिला समिति द्वारा पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश के सैनिकों को सलामी दी और विजय का जश्न मनाया। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में समिति की अध्यक्ष ममता चंदेल के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए भारतीय नागरिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर समिति के सदस्यों ने मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसके बाद महिलाओं ने आपस में एक-दूसरे को बधाई देकर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया।

### शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि

समिति की सदस्यों ने तिरंगा लहराया, जयहिंद, भारत माता की जय के नारे लगाए। समिति की सभी सदस्यों ने भारत के जल, थल एवं वायुसेना के वीर जवानों को सलामी दी। जश्न को यादगार बनाने के लिए तिरंगे के थीम पर व्यंजन और परिधान तय किया।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में महिला शेफ गरिमा शर्मा उपस्थित रहीं, जिन्होंने मिलेट केक, बिस्किट जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों को तैयार करने कुकिंग टिप्स साझा किए। आयोजन में कार्यकारिणी समिति की सचिव दुर्गा प्रजापति, सहसचिव दीप्ति दास, उपाध्यक्ष ममता लखेरा, कोषाध्यक्ष मंजूषा पाली और खेल प्रभारी प्रीति भंडारकर उपस्थित रहीं।

## नीट में कम नंबर मिलें तो घबराएं नहीं, युवाओं को कॅरियर बनाने मिल रहे अनेक विकल्प

# युवाओं की पहली पसंद आयुर्वेद, होम्योपैथी और नेचुरोपैथी, पैरामेडिकल कोर्स से भी बन रहे डॉक्टर

**रायपुर।** यदि परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं आते हैं तो विद्यार्थियों को निराश नहीं होना चाहिए। उन्हें इसे अपनी प्रगति के लिए एक अवसर के रूप में देखना चाहिए। बारहवीं परीक्षा परिणाम के बाद बेहतर कॅरियर ऑप्शन की खोज शुरू हो गई है। इस दौरान नीट, जेईई जैसी अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों को पर्याप्त अंक हासिल नहीं हुए, ऐसे में बायोलॉजी, मैथमेटिक्स, कॉमर्स, आट्र्स के छात्रों के पास अनेक कॅरियर ऑप्शन हैं, जिससे वे एक बेहतर कॅरियर का चयन कर सकते हैं। शहर के कॅरियर काउंसलर्स का कहना है कि प्रोफेशन को पैशन के तौर पर देखें। नीट परीक्षा में मनचाहे अंक प्राप्त न होने पर आयुर्वेदा, होम्योपैथिक और नेचुरोपैथी की पढ़ाई कर सकते हैं। इन दिनों लोग मेडिसिन के विपरीत आयुर्वेदा, होम्योपैथिक उपचार में रुचि दिखा रहे हैं।

### यूपीएससी के लिए यूजी-पीसी करने का झंझट खत्म

कैरियर काउंसलर एवं मनोवैज्ञानिक डॉ. अजीत वरवंडकर ने बताया कि जो छात्र यूपीएससी की तैयारी करने की सोच रहे, वे बैचलर इन गवर्नमेंट पॉलिसी एंड एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स कर सकते हैं। इसके लिए अलग से यूजी-पीजी कोर्स करने की आवश्यकता नहीं है, जिन छात्रों ने यूपीएससी का लक्ष्य तय किया हो, उनके लिए यह कोर्स सबसे बेहतर है। जो आपकी तैयारी प्रशासनिक सेवाओं के आधार पर कराता है। साथ ही यूआईयूएक्स कोर्स, काउंसिलिंग साइकोलॉजी, साइबर लॉ में कॅरियर बना सकते हैं। इन दिनों साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे है, इस क्षेत्र में भविष्य में अनेक कॅरियर ऑप्शन मिलने की संभावना निश्चित है।





### पैरामेडिकल कोर्स के विकल्प

नीट परीक्षा में मनचाहे अंक हासिल न होने पर विद्यार्थी अपना डॉक्टर बनने का सपना न छोड़ें, वे आयुर्वेदा, होम्योपैथिक और नेचुरोपैथी की पढ़ाई कर डॉक्टर बनने का सपना पूरा कर सकते हैं। कैरियर काउंसलर गगन बरड़िया ने बताया कि बायोलॉजी के छात्रों के लिए पैरामेडिकल कोर्स बेहतर विकल्प है। पैरामेडिकल कोर्स में नर्सिंग, ऑक्युपेशन थैरेपी, ऑप्टोमेट्री कोर्स, मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी कर सकते हैं, इन दिनों लगातार कैंसर रोग के पीड़ितों की संख्या बढ़ती जा रही है, जिसके कारण अस्पतालों में थैरेपी स्पेशलिस्ट की जरूरत होने लगी है। साथ ही रेडियोलॉजी, एनेस्थिसिया एक्सपर्ट, कार्डियो एक्सपर्ट, इमरजेंसी एवं क्रिटिकल केयर एक्सपर्ट कोर्स भी तय कर सकते हैं।





### पशु चिकित्सा विशेषज्ञों की बढ़ती डिमांड

काउंसलर गगन ने बताया कि फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथमेटिक्स और साइंस के विद्यार्थी एग्रीकल्चर फील्ड में कॅरियर बना सकते हैं, बीटेक, पीएचडी, फूड टेक्नोलॉजी, डेयरी टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और पशु चिकित्सा विशेषज्ञ विकल्पों में शामिल है। इस वक्त लोग लगातार पशुओं को परिवार के सदस्य के रूप में रखना पसंद कर रहे, जिसके कारण उनकी देखरेख भी बेहतर ढंग से करना पसंद करते हैं, इस स्थिति में पशु चिकित्सा विशेषज्ञ बेहतर विकल्प है, जिसमें मेडिसिन, देखरेख और इलाज की जानकारी के लिए पढ़ाई कर सकते हैं।

### रोबोटिक्स इंजीनियरिंग, डाटा माइनिंग, आयुर्वेदिक, रेडियोग्राफी

विद्यार्थी अपने पैशन को प्रोफेशन के रूप में चयनित करें, इन दिनों कॅरियर के अनेक विकल्प हैं, जिसके कारण छात्रों को सही कॅरियर चयन में दिक्कत होती है। कैरियर काउंसलर सुयश ठाकुर ने बताया कि साइकोलॉजी सबसे बेहतर कॅरियर ऑप्शन है, साइकोलॉजी में ग्रेजुएशन के बाद स्पोर्ट्स, मार्केटिंग, भाषा, मनोविज्ञान जैसे अनेक विषयों में मास्टर्स करने का मौका मिलता है। साथ ही रोबोटिक्स इंजिनियरिंग, डाटा माइनिंग, आयुर्वेदिक, रेडियोग्राफी बेहतर विकल्प हैं, जो आने वाले भविष्य में युवाओं के लिए अनेक अवसर लाएंगे।

### फार्मेसी में नए विकल्प

फार्मेसी में रुचि रखने वाले छात्र बी-फार्मा, एम फार्मा, बायोटेक्नोलॉजी, बायोकैमेस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी का विकल्प चुन सकते हैं, इन दिनों रिसर्च इंस्टीट्यूशन, टेक्नोलॉजी कंपनी और फूड कंपनी में इन अनुभवी व्यक्तियों की जरूरत बढ़ती जा रही है।

# जंगल सफारी में स्कूली बच्चों ने सीखा पर्यावरण का पाठ

स्कूली बच्चे गर्मियों की छुट्टी में रचनात्मक कार्य सीख रहे हैं। इन बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति से जोड़ने के लिए जंगल सफारी का भी भ्रमण कराया जा रहा है। 19 से 24 मई 2025 तक नंदनवन जंगल सफारी में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है।



**रायपुर।** गौरतलब है कि वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने बच्चों को प्रकृति से जोड़ने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने नवा रायपुर स्थित नंदनवन जंगल सफारी में समर कैंप करने के निर्देश दिए थे।समर कैंप में स्कूली बच्चों को आस-पास के प्राकृतिक वातावरण, वन्य जीवों, जल संरक्षण जैसे विषयों की जानकारी दी जा रही है। समर कैंप न केवल बच्चों को प्रकृति से जोड़ता है, बल्कि उनमें पर्यावरण संरक्षण की भावना भी जाग्रत करता है। यह शिविर आने वाली पीढ़ी को एक संवेदनशील पर्यावरण प्रहरी के रूप में तैयार करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

### पूरे उत्साह से ले रहे हैं हिस्सा

नंदनवन जंगल सफारी संचालक थेजस शेखर ने बताया कि भेलवाडीह, गिरहोला, सेक्टर-26 और रायपुर के आसपास के क्षेत्रों से आए 26 प्रतिभागी बच्चे इस कैम्प में पूरे उत्साह से हिस्सा ले रहे हैं। नंदनवन जंगल सफारी द्वारा आयोजित यह समर कैम्प के पहले दो दिनों में विद्यार्थियों ने बर्ड वॉचिंग के माध्यम से पक्षियों की पहचान, व्यवहार और पर्यावरण में उनकी भूमिका को करीब से जाना और समझा। विश्व मधुमक्खी दिवस के अवसर पर 'हनी-बी' की विविध प्रजातियों और परागण में उनकी भूमिका पर जानकारी देकर उनके पारिस्थितिकीय महत्व को रेखांकित किया गया।

# डिकोडिंग मिशन सिंदूर व्याख्यान सत्र में भारतीय युद्ध रणनीति पर चर्चा 29 को

**रायपुर।** यंग इंडियंस चैप्टर की ओर से डिकोडिंग मिशन सिंदूर नामक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 29 मई को शाम 6 बजे कोर्टयार्ड मैरियट होटल में आयोजित है, जिसमें भारत के उच्चपदस्थ सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारिकयों और रणनीतिक विशेषज्ञों की उपस्थिति दर्ज की जाएगी। यह आयोजन भारत की उभरती सैन्य आवश्यकताओं, सूचना युद्ध की चुनौती और साइबर-सुरक्षा की रणनीतियों पर आधारित रहेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता के रूप में एवीएसएम सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल अनिल मलिक शामिल होंगे, जो भारतीय सेना, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र में 42 वर्षों के समृद्ध अनुभव के साथ एक अत्यंत अनुभवी अधिकारी हैं। वे संचार, अवसंरचना, परियोजनाओं और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में जानकारी साझा करेंगे।

### सेवानिवृत्त जवान मुख्य व्याख्याता

एवीएसएम सेवानिवृत्त मेजर जनरल बसवराज गिलगंची व्याख्याता के रूप में शामिल होंगे, जो सूचना युद्ध, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और साइबर संचालन के विषय पर सैन्य अनुभव साझा करने जा रहे हैं। व्याख्यान सत्र में सेवानिवृत्त वीएसएम एयर कमांडर राजीव मित्तल वायु एवं अंतरिक्ष सुरक्षा के विषय पर चर्चा करने जा रहे हैं। इस दौरान विशेष अतिथि व्याख्याता के रूप में सेवानिवृत्त सेना मेडल कर्नल सौरभ अग्रवाल शामिल होंगे, जो ऑपरेशन स्नो लेपर्ड के दौरान कमांडर, दिवंगत जनरल बिपिन रावत के आईटी और साइबर सुरक्षा सलाहकार के रूप में कार्यरत थे, वह ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा एवं चुनौतियों पर चर्चा करेंगे।

## छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग 2025: एक बार फिर रायपुर में दिखेगा क्रिकेट का रोमांच

# अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होगा सीसीपीएल का दूसरा सीजन, खिलाड़ी अंपायर के निर्णय को देंगे चुनौती, कैच पकड़ने पर मिलेगा ईनाम

कार्नर न्यूज

आईपीएल जैसा जोश और रोमांच एक बार फिर रायपुर में लौट आया है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का दूसरा सीजन 6 जून से 15 जून तक शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में धमाकेदार अंदाज में खेला जाएगा। बुधवार को इस टूर्नामेंट की ट्रॉफी और टीमों की जर्सी लॉन्च कर दी गई और माहौल पूरी तरह क्रिकेटमय हो गया।

**रायपुर।** इस लॉन्चिंग इवेंट में कोलकाता से आए डांस ग्रुप ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस साल भी सीसीपीएल में कुल 6 टीमें मैदान में गत वर्ष की चैंपियन रायपुर रायनोस, बिलासपुर बुल्स, बस्तर बायसंस, रायगढ़ लायंस, राजनांदगांव पैंथर्स और सरगुजा टाइगर्स उतरेंगी। सभी टीमों ने अपने कप्तान और खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है। क्रिकेट संघ का कहना है कि इस बार भी बल्ले और गेंद के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिलेगी। इस बार की खास बात ट्रॉफी में देखने को मिली, जिसे छत्तीसगढ़ के राजकीय पशु बायसन की थीम पर डिजाइन किया गया है ये ट्रॉफी सिर्फ जीत का प्रतीक नहीं, बल्कि प्रदेश की संस्कृति और गौरव का प्रतिनिधित्व भी करती है।





### सीसीपीएल में बीसीसीआई पैनल के अंपायर

सीसीपीएल के इस संस्करण में अंपायरिंग के स्तर को और बेहतर बनाने के लिए बीसीसीआई पैनल के अंपायरों की नियुक्ति की गई है। ये अंपायर अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप मैचों का संचालन करेंगे। लीग के दौरान किसी भी प्रकार की अनैतिक या अमान्य गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए बीसीसीआई पैनल के एंटी करप्शन अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी स्टेडियम में दर्शकों के लिए रोमांचक कांटेस्ट आयोजित किए जाएंगे। पकड़ो कैच, जीतो कैश जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर दर्शक न केवल मनोरंजन का आनंद उठा सकेंगे, बल्कि ईनाम और फैन टी-शर्ट भी जीत सकेंगे।

### युवाओं के लिए क्रिकेट का नया रोमांच

इस वर्ष लीग में पहली बार डिसीजन रिव्यू सिस्टम की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे खिलाड़ी अंपायर के निर्णय को चुनौती दे सकेंगे। यह मध्यभारत में आयोजित किसी भी प्रतियोगिता में पहली बार होगा। लीग के सभी मैचों का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट नेटवर्क पर किया जाएगा। इस संस्करण में सभी कमेंटेटर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के होंगे और मैचों के सीधे प्रसारण को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने के लिए संघ द्वारा अनुभवी व प्रसिद्ध कमेंटेटरों की टीम उपलब्ध रहेगी। लीग के मैचों का लाइव स्कोर, पॉइंट टेबल, लीडरबोर्ड, फिक्स्चर तथा लीग से संबंधित अन्य सभी जानकारियों के लिए छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग वेबसाइट तथा मोबाइल एप भी उपलब्ध होंगे। इसके अतिरिक्त, संघ के विभिन्न सोशल मीडिया चैनलों पर भी लगातार जानकारियां उपलब्ध होंगी।

## एग्जाम अपडेट

# ऑनलाइन बाल संस्कार शिविर में बच्चों को पढ़ा रहे शिष्टाचार का पाठ

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति की ओर से ऑनलाइन बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया है। इसके तीसरे सप्ताह में बच्चों के साथ परिजन भी शिविर से जुड़ रहे हैं। बाल संस्कार शिविर में योग, ड्राइंग, मोटिवेशनल स्टोरी के माध्यम से बच्चों में अनुशासन और बेहतर व्यक्तित्व का निर्माण किया जा रहा है। इसमें गीता, पुराण, भागवत कथा, ग्रंथ, श्लोक, गायत्री मंत्र समेत भारतीय संस्कृति का ज्ञान निरंतर दिया जा रहा है। शिविर में रोजाना सुबह नियमित रूप से कक्षा में शामिल होना सिखाया गया।




### शिविर में बच्चों की भागीदारी

बाल संस्कार शिविर के दौरान माता-पिता ने बच्चों में बदलाव और बेहतर व्यक्तित्व का निर्माण होता देखा। उन्होंने बताया कि शिविर के माध्यम से बच्चों में आध्यात्मिक एवं भारतीय संस्कृति को जानने की जिज्ञासा बढ़ती जा रही है। इसमें बच्चे शिष्टाचार सीख रहे हैं। यह भारतीय संस्कृति से जुड़ने का एक बेहतर अवसर है। यह शिविर बच्चों के संस्कार निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, इससे सामाजिक गतिविधि, कला-शिल्प, योग-व्यायाम, श्लोक, धार्मिक कहानियां, मंत्र पाठ, संस्कृत भाषा का ज्ञान मिल रहा है।

## यूथ लाइव

# एएएफटी यूनिवर्सिटी में फिल्म मेकिंग, विरासत सर्वश्रेष्ठ फिल्म



**रायपुर।** एएएफटी यूनिवर्सिटी में 48 घंटे फिल्म निर्माण चुनौती का सफल आयोजन हुआ। प्रतिभागियों ने रचनात्मकता और समयबद्धता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसमें विरासत को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिला। एएएफटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ सिनेमा द्वारा सतत विकास लक्ष्य गोल के अंतर्गत 48 घंटे फिल्म निर्माण चुनौती का आयोजन किया गया। इस प्रतिस्पर्धा में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिन्हें एक निर्धारित विषय पर 48 घंटों के भीतर फिल्म की शूटिंग, संपादन और प्रस्तुति करनी थी। इसमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार अपने नाम किए। यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य पुरस्कार समारोह में विजेताओं को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। दर्शकों को प्रतिभागियों की कल्पनाशक्ति, समर्पण और फिल्म निर्माण कौशल का जीवंत प्रदर्शन देखने को मिला।

### इनको मिला पुरस्कार

सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार स्कूल ऑफ सिनेमा के सुमंथ मारोजू द्वारा निर्देशित फिल्म विरासत को मिला। इसी फिल्म के लिए सुमंथ मारोजू को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, ज्योति कुमारी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री, सौरव कुमार को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के सम्मान से नवाजा गया। तेजस्मय माझी को सर्वश्रेष्ठ मूल साउंडट्रैक का पुरस्कार मिला।

### तकनीकी श्रेणियों में पुरस्कार जीते

दि लास्ट ड्रॉप को सर्वश्रेष्ठ कहानी और ओम भुम्बर को सर्वश्रेष्ठ साउंड डिजाइनर का पुरस्कार मिला। इक्वालिटी मास्टर के लिए भोपाल से आए सचिन खतर्कर को सर्वश्रेष्ठ पटकथा लेखक का सम्मान मिला। इकोस फिल्म के लिए शंकर मलिक को सर्वश्रेष्ठ फिल्म संपादक, जबकि साहिल राज और अमन कुमार को सर्वश्रेष्ठ सिनेमैटोग्राफर के रूप में सम्मानित किया गया।

## साइंस इवेंट

# परमाणु ऊर्जा और रणनीतिक रक्षा परियोजनाओं पर व्याख्यान सत्र में चर्चा




**रायपुर।** ट्रिपल आईटी में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें अत्याधुनिक रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु प्रौद्योगिकी बिंदुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी पुणे के वाइस चांसलर डॉ. बीवीएचएस नारायण मूर्ति उपस्थित रहे, जिन्होंने नई रक्षा प्रौद्योगिकी माध्यमों एवं राष्ट्रीय सुरक्षा के संबंध जानकारी दी। सत्र का उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारत की उन्नति का प्रदर्शन करना रहा, जहां युवा इंजीनियरों के बीच जिज्ञासा और अभिनव सोच को बढ़ावा देना था। निशुल्क व्याख्यान सत्र के दौरान प्रदेश एवं अन्य राज्यों के छात्र एवं शोधकर्ता ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से शामिल हुए।

### ट्रिपल आईटी में छात्रों को राष्ट्रीय सुरक्षा पर जानकारी

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर वैज्ञानिक नवाचारों के क्षेत्र में देश की प्रगति का सम्मान करता रहा, इस मौके पर ट्रिपल आईटी के आई-ईईई विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। सत्र में सीएसआर के एसोसिएट डायरेक्टर प्रमोद के. मिश्रा ने अंतरिक्ष अन्वेषण, परमाणु ऊर्जा और रणनीतिक रक्षा परियोजनाओं में अंतर्गत कार्यशील योजनाओं पर चर्चा किया, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को देश की उन्नति एवं विकास माध्यमों को बताया गया है। इस मौके पर नवीन तकनीक एवं नवाचार विचारों को प्रमुखता से स्थान दिया गया, जहां विद्यार्थियों की नई सोच को स्थान दिया गया।

---

## विश्व कछुआ दिवस आज, सरोना के तालाबों में कछुओं की क्रीड़ा देखने सुबह-शाम पहुंचते हैं लोग

# सास-बहू तालाब में 150 साल पुराने 30 से 50 किलो वजनी कछुए, श्रृंगार मछली भी आकर्षण का केंद्र

*शहर के सरोना में सास-बहू तालाब में सुबह-शाम आसपास रहने वाले लोगों बरबस ही पहुंच जाते हैं। दोनों तालाब आपस में जुड़े होने के बावजूद भीषण गर्मी में भी इनका पानी दूषित नहीं है। इस तालाब की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें 30 से 50 किलो वजनी करीब 150 साल पुराने कछुए हैं। इनको संरक्षित करने में सास-बहू तालाब के बीच स्थित श्री पंचमुखी शिव मंदिर का संचालन करने वाला ठाकुर परिवार अहम भूमिका पांच पीढ़ियों से निभा रहा है। लोगों की लापरवाही के देखते हुए आने-वाले लोगों को चारा देने, श्रृंगार मछली और कछुओं से छेड़छाड़ की मनाही है।*



### सहमति लेने के बाद डालते हैं चारा

द्वारिका सिंह ठाकुर ने बताया कि सरोना तालाब में कछुए न केवल स्थानीय लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक प्रतीक हैं, बल्कि वे प्रकृति के प्रेम को भी दर्शाते हैं। लोग इन कछुओं को पवित्र मानते हैं और उनकी रक्षा करते हैं। कुछ लोग यह भी मानते हैं कि कछुए उनकी मनोकामना भी पूरी करते हैं। जिनकी मनोकामना पूरी हो जाती है, वे मंदिर से सहमति लेने के बाद चारा डालते हैं। कछुए बेहद शर्मीले होते हैं, इसलिए भीड़ देखकर सिर को खोल में छिपा लेते है। लोग उनका यही भाव देखने के लिए पहुंचते हैं।



### साफ पानी में नजर आती है श्रृंगार मछली

सात पुराने और बड़े कछुओं के अलावा दर्जनों छोटे कछुओं का सास-बहू तालाब में बसेरा है। इनके बीच श्रृंगार मछली तालाब के स्वच्छ पानी में आकर्षण का केंद्र है। दोनों ही तालाबों में अधिकांश श्रृंगार मछली होने से लोग उनके जलक्रीड़ा को देखने के लिए पहुंचते हैं। तालाब के पानी को किसी भी प्रकार से लोग गंदा न करें, इसके लिए बाहर से आने वाले लोगों को चारा देने की मनाही है। मंदिर और तालाब क्षेत्र में पेड़-पौधों का जाल बिछा है। इससे लोगों को प्राकृतिक सौंदर्य और शीतलता भी मिलती है।





### कभी नहीं डालते जाल श्रृंगार मछली

कई पीढ़ियों से मंदिर की पूजा करने वाले पुरोहित परिवार शंकर पुरी ने बताया कि सास-बहू तालाब में मछली निकालने के लिए कभी जाल नहीं डालते हैं। कछुओं को बाजार में बिकने वाला चारा भी नहीं डालते। आटे को गूंथने के बाद उसके छोटे-छोटे टुकड़े, बिस्किट और मुर्रा डालते हैं। इसे खाने के लिए जब कछुए आते हैं तो लोग उनकी हलचल को तालाब का पानी साफ होने से स्पष्ट देख पाते हैं।मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए आने वाले श्रद्धालु दोनों ही तालाबों के किनारे बैठकर निहारते हैं।

**रायपुर।** दुनियाभर में 23 मई को विश्व कछुआ दिवस मनाया जाता है, ताकि दुनियाभर में कछुओं और कछुओं के संरक्षण और उनके लुप्त होते आवासों के बारे में लोगों को सचेत किया जा सके। इस दायित्व को सरोना का ठाकुर परिवार बखूबी निभा रहा है। द्वारिका सिंह ठाकुर ने बताया कि 150 साल पहले पंचमुखी शिव मंदिर व तालाब का निर्माण गुलाब सिंह ठाकुर ने कराया था। मै पांचवी पीढ़ी का हिस्सा हूं। उन्होंने बताया कि यह शहर का इकलौता तालाब है, जहां लोग कछुओं की जलक्रीड़ा भी देखने के लिए आते हैं। सास-बहू तालाब का नाम किस वजह से रखा गया, इससे जुड़ी कई मान्यताएं हैं। यह ऐसा तालाब है, जो आपस में जुड़ा है। दोनों ही तालाबों के बीच शिवजी का मंदिर होने से लोग सुबह-शाम दर्शन के लिए आते हैं और कछुओं तथा मछलियों को देखते हैं।

### शोर-शराबे को भूल शांत बैठते हैं लोग

मंदिर में दर्शन के बाद लोग तालाब किनारे शांत बैठकर मछलियों और कछुओं की हलचल को देखते हैं। इससे सुबह-शाम मंदिर परिसर के सास-बहू तालाब में प्रकृति एवं जीवप्रेमी ही ज्यादा पहुंचते हैं। कुछ तो कछुओं की हरकतों को मोबाइल में भी कैद करते हैं। युवाओं में इसको लेकर ज्यादा उत्साह देखने को मिला। तालाब किनारे बैठने वाले लोग तेज आवाज में बात भी नहीं करते हैं। महिलाएं और बच्चे चुप्पी साधे उनका वीडियो बनाते हैं। शाम को जब चारा डाला जा रहा था, तब लोगों में कौतूहल का माहौल बना रहा।

---

# एसएसपी ने इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स को सिखाई पैरामिलिट्री और एग्रीकल्चर ड्रोन तकनीक

## ड्रोन बूट कैंप में बतौर मुख्य अतिथि और एक्सपर्ट पहुंचे एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह

आरआईटीईई रायपुर में ड्रोन टेक्नोलॉजी तकनीक पर बूट कैंप के पहले दिन प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने मिलिट्री, पैरामिलिट्री, एग्रीकल्चर ड्रोन तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त की। ड्रोन बूट कैंप में बतौर मुख्य अतिथि व एक्सपर्ट पहुंचे शहर के एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स को मिलिट्री, पैरामिलिट्री, एग्रीकल्चर ड्रोन तकनीक के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा ड्रोन के प्रकार व उनकी अलग-अलग तकनीकों के बारे में प्रैक्टिकल कर बताया। बता दें कि राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर के सहयोग से आरआईटीईई परिसर छतौना मंदिर हसौद में इंजीनियरिंग छात्र-छात्राएं अपनी व्यावहारिक क्षमता व तकनीकी कौशल को परखने का मौका दिया जा रहा है।



### सत्र वाइस एक्सपर्ट दे रहे जानकारी

ड्रोन बूट कैंप में अलग-अलग इंजीनियरिंग कॉलेज से पहुंच रहे ड्रोन टेक्नोलाजी के एक्सपर्ट्स इंजीनियरिंग के छात्रों को रोजाना 3 सत्र में कंप्लीट ड्रोन टेक्नोलॉजी के बारे में थ्योरीकल व प्रैक्टिकल दोनों तरह से जानकारी दे रहे हैं। कैंप के आने वाले दिनों में स्टूडेंट्स को ड्रोन टेक्नोलॉजी को लेकर ढेर सारी जानकारियां मिलने वाली हैं।

**रायपुर।** ड्रोन टेक्नोलॉजी बूट कैंप का उद्घाटन सुबह 10 बजे आरआईटीईई परिसर छतौना मंदिर हसौद में राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर के विशेषज्ञों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। 27 मई तक चलने वाले इस ड्रोन तकनीकी प्रशिक्षण बूट कैंप में 15 सत्रों में ड्रोन ऑपरेटिंग व डेवलपिंग टेक्नोलॉजी की बारीकियां इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स को एक्पट्र्स सिखा रहे हैं। कैंप में ड्रोन टेक्नोलॉजी को लेकर अलग-अलग इंजीनियरिंग छात्र-छात्राओं में अच्छी खासी रुचि देखने को मिल रही है। ड्रोन टेक्नोलॉजी के विशेषज्ञ भी उत्साह के इस महौल में स्टूडेंट्स को ड्रोन उड़ाने, उसके तकनीकी पाट्र्स को अपडेट करने, कहां इसका इस्तेमाल किया जाए। इस मौके पर ड्रोन तकनीकी के विशेषज्ञों के साथ इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स, महानदी एजुकेशन सोसाइटी रायपुर के सचिव शैलेंद्र जैन, डॉ. अरूणा राणा उपस्थित रहे।

### एरोडायनामिक और फ्लूविड मशीन को जाना

एनआईटी रायपुर के डॉ. अनुज शुक्ला ने इंजीनियरिंग के स्टूडेंट्स को कैंप में ऐराडायनामिक और फ्लूविड मशीन के बारे में बताया। वहीं डॉ. अरुणा राणा ने ड्रोन के कितने प्रकार होते हैं, इसके बारे में स्टूडेंट्स को जानकारी दी। विशेषज्ञों से ड्रोन तकनीकी के बारे में कैंप के पहले दिन जानकारी प्राप्त कर रोमांचित दिखे। ड्रोन के अलग-अलग तकनीकी जानकारियों को जानने की सभी स्टूडेंट्स एक्सपर्ट से जिज्ञास के साथ बिना किसी झिझक के सवाल जवाब करते दिखे।

# सुहाग की रक्षा के लिए महिलाएं करेंगी वट सावित्री व्रत-पूजा

**रायपुर।** सनातन संस्कृति में कई व्रत, त्योहार, उपवास, पूजा-पाठ तिथि विशेष पर उत्सव की तरह मनाया जाता है। प्राचीन समय से देश की सुहागिन महिलाएं विशेष व्रत है। वट सावित्री व्रत इस साल 26 मई सोमवार को मनाया जाएगा। इस दिन सोमवती अमावस्या के साथ ही अमावस्या तिथि भी 26 मई को दोपहर 12.31 बजे से 27 मई की सुबह 8.30 तक प्रभावी रहेगा। यह व्रत मध्यान्ह व्यापिनी लिया जाता है, इसलिए वट सावित्री का यह व्रत 26 मई को मनाया जाएगा। पं. चंद्रभूषण शुक्ला ने बताया कि हिंदू पंचांग व निर्णयामृत जैसे ग्रंथों के अनुसार वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ माह में कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर महिलाएं रखती हैं। वहीं 'स्कंद पुराण' और 'भविष्योत्तर' पुराण' के तहत वट सावित्री का व्रत ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा तिथि पर बताया गया है।



### पति को यमराज से वापस प्राप्त किया

छत्तीसगढ़ की पूजन परंपरा में यह व्रत अमावस्या तिथि को ही किया जाता है। सुहागिन माता-बहनें पति की दीर्घायु जीवन की कामना के लिए व्रत रखती हैं। प्रातःकाल दिनचर्या से निवृत्त होकर व्रत का संकल्प करना चाहिए। मध्यान्ह में पूजन सामग्री लेकर किसी बरगद वृक्ष के नीचे यह पूजन किया जाता है। समय व स्थिति को ध्यान में रखकर घर के गमले में बरगद का पौधा रखकर भी पूजन किया जा सकता है। बरगद के नीचे सावित्री ने पति को यमराज से वापस प्राप्त किया था। सावित्री को देवी का रूप माना जाता है। इस मान्यता का निर्वहन सुहागिनें विधि-विधान से करती हैं। इसके लिए वे समूह में आयोजन करती हैं।

---

## छत्तीसगढ़ की समृद्धि गो-सेवा में, यही संदेश देने देश का पहला रामा गोधाम राजधानी में किया शुरू

# जर्मनी से मंगाई मशीन से जांचेंगे गायों का डीएनए गो-सेवा और रक्षा के लिए शुरू किया रामा गोधाम

**कार्नर न्यूज**

*धमतरी रोड स्थित बोरियाकला शंकराचार्य आश्रम एवं राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी माता मंदिर परिसर में ब्रह्मलीन ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर श्रीमद जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज की मूर्ति का अनावरण गुरुवार को किया गया। वहीं देश के पहले रामा गोधाम का शुभारंभ भी हुआ। उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर श्रीमद जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज व पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदापीठाधीश्वर श्रीमद जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज ने विधि-विधान से आश्रम परिसर में श्रीमद जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज की मूर्ति का अनावरण किया। साथ ही वेद लक्षणा वाले मूल रामा गोधाम का भी शुभारंभ किया।*



**रायपुर।** इस दौरान हरिभूमि से खास बातचीत में छत्तीसगढ़ की सामाजिक व राजनैतिक समृद्धि के लिए क्या संदेश देंगे शंकराचार्य जी, इस सवाल के जवाब में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने कहा कि छत्तीसगढ़ की समृद्धि वेद लक्षणा वाली मूल गाय की सेवा व संरक्षण करने में है, जिस तरह समाज व प्रशासन प्रदेश के पारंपरिक कला-संस्कृति, मान्यताओं, रीति-रिवाजों को सहेजने व संवर्धित करने में जुटी है, ठीक उसी प्रकार गोसेवा भी उसी परंपरा-संस्कृति का हिस्सा है, आप प्रदेश के हर गांव में जाएंगे तो आपको सबसे पहले गोठान दिखेंगे। ऐसे में यदि छत्तीसगढ़ सामाजिक व राजनैतिक रूप से समृद्ध बने, इसके लिए यहां के समाज व सरकार गोसेवा व उसकी रक्षा करें। यही संदेश देने प्रदेश के राजधानी में बोरियाकला आश्रम की 10 एकड़ भूमि में गुरुवार को 108 मूल गौ की सेवा व रक्षा के लिए देश का पहला रामा गोधाम का शुभारंभ किया है।

### जर्मनी से मंगाई मशीन से जांचेंगे गायों का डीएनए

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने कहा कि वेद लक्षणा मूल गायों का डीएनए जांचने जर्मनी से डीएनए जांच मशीन मंगाई है। इससे मूल गायों के डीएनए की जांच कर पहचान की जाएगी। फिर उन्हें रामा गोधाम में रखकर उनकी सेवा व संवर्धन किया जाएगा। जल्द ही यह मशीन बोरियाकला रामा गोधाम लाई जाएगी।





### 33 करोड़ वेद लक्षणा की मूल गायों की सेवा का लक्ष्य

इसी तरह पूरे देश की 4123 विधानसभाओं में 3 लाख रामा गोधामों की स्थापना व 33 करोड़ वेद लक्षणा की मूल गायों की सेवा का लक्ष्य हमारे द्वारा तय किया गया है। यह लक्ष्य इस वर्ष के अंत तक पूर्ण किया जाएगा। श्रीमद जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान राजधानी के बोरियाकला स्थित शंकराचार्य आश्रम पहुंचे हुए हैं।

### दर्शन करने बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ महाराज जी ने बताया कि बोरियाकला स्थित शंकराचार्य आश्रम में सुबह से ही दोनों ही शंकराचार्य महाराज के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। शाम 5 बजे आश्रम के सभागार में भक्तों को दर्शन देकर, जीवन को धर्म-अध्यात्म से सफल बनाने गायों की सेवा करने का उपदेश दिया। भक्तों ने ध्यान व भक्तिभाव से दोनों ही शंकराचार्यों के अमृत वचन ग्रहण किए।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेसियों ने संविधान बचाओ बैठक कार्यक्रम आयोजित किया

**तिल्दा नेवरा।** कांग्रेस का संविधान बचाओ रैली व बैठक कार्यक्रम तिल्दा से बड़ी संख्या में कांग्रेसी हुए उपस्थित। रायपुर में गुरुवार को संविधान बचाओ रैली व बैठक कार्यक्रम कांग्रेस द्वारा शाम को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्री शिव डहरिया, पूर्व विधायक धनेंद्र साहू, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, विकास उपाध्याय,पंकज शर्मा, जिला अध्यक्ष उधो राम वर्मा आदि सहित कांग्रेसी नेता उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम में तिल्दा नेवरा से बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित हुए जिसमें कांग्रेस नेता लक्ष्मी नारायण वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष देवा दास टंडन, प्रशांत गुप्ता, अन्ना आदि बैठक रैली में उपस्थित हुए। वहीं कार्यक्रम को तिल्दा नेवरा के कांग्रेसी नेता लक्ष्मी नारायण वर्मा के द्वारा संबोधित किया।

### छग ने जीता राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप का गोल्ड मेडल

**आरंग।** सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग के छात्र भावेश सोनकर का चयन छत्तीसगढ़ क्रिकेट टीम के लिए हुआ।



आरंग विकासखंड, विद्यालय और माता-पिता लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि उत्तर प्रदेश की टीम को हराकर टीम कैप्टन भावेश और उनकी टीम राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप के विजेता रहे। यह चैम्पियनशिप दिल्ली में आयोजित हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ टीम ने गोल्ड मेडल हासिल किया। ज्ञात हो कि भावेश सोनकर शाला प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष देवेंद्र सोनकर के पुत्र हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष छत्रधारी सोनकर एवं संस्था प्रमुख यशोदा योगी एवं संपूर्ण सृजन परिवार ने छात्र को बधाई दी।

### आज आरंग में समाधान शिविर का आयोजन

**आरंग।** नगर पालिका परिषद् आरंग क्षेत्र में सुशासन तिहार के तहत 23 मई को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम हायर सेकण्डरी स्कूल आरंग में समाधान शिविर एवं विकास कार्यों का लोकार्पण तथा भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन आयोजित किया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल सांसद शामिल होंगे। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरु खुशवंत साहेब विधायक करेंगे एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. संदीप जैन नपाध्यक्ष, ध्रुव कुमार मिर्धा अध्यक्ष चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड छ.ग. शामिल होंगे। कार्यक्रम में नवीन अग्रवाल अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर, श्याम कुमार नारंग जिलाध्यक्ष भा.ज.पा. रायपुर ग्रामीण, टाकेश्वरी साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत, देवनाथ साहू अध्यक्ष भा.ज.पा. मण्डल आरंग, हिरामन कोशले उपाध्यक्ष नपा आरंग, सभापतिगण सेवती तोषण साहू, नरेन्द्र लोधी, भानमती राकेश सोनकर, संतोष लोधी, विरेन्द्र कंडरा, शरद गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### मोदी विचार मंच से जुड़े शिव को मिला उपाध्यक्ष का दायित्व





**तिल्दा नेवरा।** शिव वर्मा बने राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम के प्रदेश उपाध्यक्ष, दास साहू प्रदेश महासचिव राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम के संबंध शाखा नरेंद्र मोदी विचार मंच, मिशन न्यू इंडिया के प्रदेश महासचिव दास साहू ने बताया कि तिल्दा नेवरा के देशबंधु संवाददाता एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के शहर अध्यक्ष शिव वर्मा को राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रा के सहमति से, राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम संबंध शाखा नरेंद्र मोदी विचार मंच,मिशन न्यू इंडिया के प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर भारत माता के सेवा करने एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने हेतु नियुक्ति दिया गया है। प्रदेश महासचिव दास साहू ने शिव वर्मा को नियुक्ति करते हुये हर्ष व्यक्त किया । और बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

**आयोजन : शिविर में मांग के 6100 और 190 शिकायत के आवेदनों का हुआ निराकरण**

# सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन, समस्याओं का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

गुरुवार को सुशासन तिहर अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत रानीसागर पूर्व माध्यमिक स्कूल परिसर में किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण जनपद अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू, जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष रविंद्र रिंकू चंद्राकर, जनपद सदस्यगण क्रमशः लुकेश साहू, प्रीति राकेश चंद्राकर, प्रीतम साहू, संजय धृतलहरे एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहु,अमर मांडले (सभापति) आदि ने क्षेत्रवासियों को समाधान शिविर की बधाई देते हुए उन्हें अधिक से अधिक शिविर से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर एसडीएम आरंग पुष्पेंद्र शर्मा ने कहा कि प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता से त्वरित निराकरण की दिशा में कार्यवाही की गई है एवं उन्होंने सुशासन का उद्देश्य पारदर्शी जवाबदेह, न्याय संगत और नागरिकों के हितों से जुड़ा हुआ शासन बताया। इस अवसर पर अतिथियों ने हितग्राहियों को स्पेयर किट, सब्जी बीज किट, आयुष्मान कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, अन्नप्राशन किट, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, ऋण पुस्तिका आदि का उत्साह के साथ वितरण किया एवं सर्व विभाग प्रमुखो ने शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी तथा जनमानस ने स्वास्थ्य सेवा निशुल्क शुगर, बीपी, चेक का भी लाभ लिया।

### अन्नप्राशन किट, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, ऋण पुस्तिका का वितरण किया



इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ कुमार सिंह लहरे ने जानकारी दी कि मांग के 6100 और 190 शिकायत के आवेदनों पर निराकरण किया गया है।

कार्यक्रम में सरपंचगण तानसिंह साहू, सुशीला बाई ध्रुव, हर्षा चंद्रशेखर साहू, भागवत साहू, हीराराम साहू, लक्ष्मी साहू, दामिनी राजू मिर्धा, लीलेश्वरी ध्रुव उप सरपंच गण, पंचगण, अन्य जनप्रतिनिधि गण, ग्राम सचिव गण के अतिरिक्त तहसीलदार सीता शुक्ला, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजयलक्ष्मी अनंत, महिला बाल विकास अधिकारी ऋषि बंजारे, अन्य अधिकारी सुमित डडसेना, टैग बहादुर कुर्रे, डीके व्यास, एसआर साहू, एडिशनल सीईओ मारुति राव, शिविर नोडल अधिकारी रजत अग्रवाल, नायब तहसीलदार गजानन सीदार, प्राचार्य माणिक लाल मिश्रा आदि एवं शिक्षा विभाग मंच संचालन अरविंद वैष्णव, महेंद्र पटेल, भूषण जलक्षत्रि, संकुल समन्वयक गण सुरेंद्र चंद्रसेन, मनोज मुछावर, विजय देवांगन, सुदर्शन दास, प्रहलाद शर्मा आदि तथा ग्राम पंचायत रानी सागर, बनरसी, गुल्लू, अकोलीकला, गुमा, परसकोल, कोसरंगी, बाना के ग्रामवासियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

### पंचायत कुरू में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर आयोजित







**अभनपुर।** अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुरू में सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन में प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, विधायक इन्द्रकुमार साहू, जिपं. अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, जिपं. सीईओ विश्वरंजन, जपं. अध्यक्ष चन्द्रिका बंजारे, उपाध्यक्ष खेलूराम साहू, एसडीएम रवि सिंह, जनपद सीईओ राजेंद्र पाण्डेय सहित क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधीयों ने उपस्थित होकर प्राप्त आवेदनो का त्वरित निराकरण किया गया। उक्त शिविर में मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्राईसिकल, छड़ी, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना अंतर्गत डेमो चेक, श्रम विभाग द्वारा श्रमिको को श्रम कार्ड, कृषि विभाग द्वारा कृषको को धान बीज व क्रेडिट कार्ड, कृषक तथा मतस्य विभाग द्वारा महाजाल, उद्यान विभाग द्वारा श्रमिको को सब्जी बीज मिनी कीट का वितरण किया गया। उक्त समाधान शिविर में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई का कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने ग्राम सलोनी में 4एकड़ में वृक्षारोपण कराने, ग्राम कुरू में 10 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन व कृषि सभापति विवेक तिवारी की मांग पर ग्राम डोमा में वन्य प्राणियों को संरक्षित करते अभ्यारण्य की घोषणा किया। विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का आम जनता को कितना लाभ मिल रहा सरकार आपके द्वार पहुंचकर सच्चाई जानने का प्रयास कर रही है। शिविर में प्राप्त आवेदनो का प्रमुखता से निराकरण किया जा रहा है। सरकार ने जन्म से लेकर मृत्यु तक सभी परिस्थितीयों मे लाभान्वित करने की योजनाएं बनाई है। इसका अधिक से अधिक लाभ आम जनता को जागरूकता के साथ लेना चाहिए।

## तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ रायपुर की बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा रायपुर की बैठक आज प्रांतीय कार्यालय बुढ़ापारा परिसर सप्रे स्कूल परिसर में रखी गई। जिसमें शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका का संधारण क्रमोन्नति दी जाय तथा सरकार द्वारा बनाई गई युक्ति युक्ति करण नीति का बैठक में जमकर विरोध हुआ एवं इसमें यह निर्णय लिया गया है कि अविलंब सरकार को इस नीति की त्रुटियो से अवगत कराया जाए अन्यथा संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। संगठन के समस्त पदाधिकारी संचनालय एवं मंत्रालय में जाकर इसमें विरोध प्रकट करेंगें। रायपुर जिले की बैठक में प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, जिला अध्यक्ष फारुक कादरी, प्रांतीय सचिव तिलक यादव, दीपंकर मंडल, जिला उपाध्यक्ष राकेश कनौजे, तहसील अध्यक्ष तिल्दा भागीरथी पानसे, शिवप्रसाद बर्मन, कोषाध्यक्ष अश्वनी, कुमार पटेल, अभनपुर तहसील अध्यक्ष गुरुपंच बुद्वेश्वर वर्मा, बुलाकीरम, तानसेन ध्रुव, एमएल चंदन, पी निषाद गेंदलाल साहु, रायपुर शहर से अरुण ध्रुव, देवेंद्र साहू ,धरसीवा तहसील अध्यक्ष फिरोज मोहम्मद करीम खान, रविंद्र मरकाम आदि प्रमुख रुप से उपस्थित थे। तिल्दा, अभनपुर, धरसीवां रायपुर शहर के कर्मचारी एवं पदाधिकारी शामिल हुए।उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष फारुक कादरी ने दी।

### बीरगांव में लगा समाधान शिविर

**रायपुर।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण में गुरुवार को नगर निगम बीरगांव में समाधान शिविर लगाया गया, जिसमें लोगों के स्वच्छता, स्थापना एवं राजस्व, पेयजल, विद्युत, आवास और अन्य विभागों से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया गया।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग




ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में कुकरा (लखौली) में रविवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। देशभक्ति के नारों और तिरंगे झंडों के साथ यात्रा ने पूरे क्षेत्र को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। पंचायत प्रतिनिधियों स्थानीय ग्रामीणों और युवाओं के साथ महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और भी खास बना दिया। इस अवसर पर सरपंच नन्दलाल डहरिया ने कहा कि आज हम सब गर्व के साथ इस तिरंगा यात्रा में शामिल हुए है जो ऑपरेश सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को समर्पित है। यह सिर्फ एक अभियान ही नही बल्कि हमारे वीर जवानों की साहस त्याग ओर समर्पण की जीवंत गाथा है। आज हमारे गांव कुकरा का हर नागरिक अपने हृदय में राष्ट्रीय पर्व और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा को और दृढ़ता से महसूस कर रहा है। इस अवसर पर सरपंच नंदलाल लहरिया, उपसरपंच सुरेश कुमार साहू, सचिव लोकनाथ साहू, रोजगार सहायक धर्मेंद्र मानिकपुरी, पंच मयंक साहू, मोहन साहू, दीनदयाल साहू, मेघनाथ साहू, जगमोहन साहू, ईश्वर धीवर, लीला साहू, चंपा साहू, कुमारी साहू, ओमीन साहू, महेश्वरी साहू, शारदा साहू, महिला समूह के सदस्य एवं मनरेगा के समस्त मेट एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### रीवा में देशभक्ति की गूंज के साथ तिरंगा यात्रा निकाली

*__आरंग।__ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपरांत लोरिकनगर रीवा (लखौली) में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा में देशभक्ति की भावना अपने चरम पर दिखाई दी। ग्रामसियों में अद्वितीय उत्साह और गौरव का अनुभव हुआ। चारों ओर भारत माता की जय, वंदे मातरम्, जय हिंद जैसे नारों की गूंज ने वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करते हुए ग्राम सरपंच घसिया राम साहू ने प्रेरणादायक शब्दों में देशप्रेम का भाव व्यक्त किया। उन्होंने कहा देशभक्ति कोई एक दिन का जज्बा नहीं, यह एक जीवनशैली है। हमारे जवानों की कुर्बानी व्यर्थ न जाए, इसके लिए हमें एकजुट होकर देश के विकास और अखंडता के लिए कार्य करना चाहिए। सरपंच साहू ने विशेष रूप से युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में राष्ट्रसेवा को सर्वोपरि रखें और भारतीय संस्कृति, संविधान और सैनिकों के बलिदान का सदैव सम्मान करें। उनके उद्बोधन में एकता, शांति और प्रगति का स्पष्ट संदेश था। तिरंगा यात्रा में घसिया राम साहू सहित उपसरपंच सूरज साहू, मनबोध साहू, वेद प्रकाश साहू, अशोक धीवर, सरिता साहू, झामीन साहू, मुकेश ध्रुव, महेंद्र साहू, गोमती ध्रुव, मंजू सिंहा, सावित्री साहू, सचिव राजेश्वरी साहू, शकीला बंजारे ग्रामवासियो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।*

## प्रदेश स्तरीय मानिकपुरी पनिका समाज के निर्वाचन के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



मानिकपुरी पनिका समाज के प्रदेश स्तरीय सामाजिक निर्वाचन प्रक्रिया के सम्बंध में 18 मई को महादेव घाट रायपुर में निर्वाचन पदाधिकारीयों की बैठक संपन्न हुईं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश मानिकपुरी द्वारा मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। मतदाता सूची में पुरे छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों से हजारों की संख्या में लोगों ने मतदाता सूची में अपना नाम अंकित कराया है। इसी के साथ नामांकन भरने की प्रक्रिया भी 18 से 23 मई तक जारी रहेगी। 25 मई को नामांकन पत्र की स्क्रूटनी के पश्चात प्रतिभागियों के नाम की घोषणा एवं चुनाव चिन्ह का आबंटन कर दी जावेगी। प्रादेशिक निर्वाचन 15 जून को संपन्न होगा जिसके लिए प्रदेश के सभी जिलों में एवं ब्लॉक में मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। अब निर्वाचन में प्रदेश अध्यक्ष एक पद, प्रदेश महासचिव एक पद और प्रदेश कोषाध्यक्ष एक पद रखा गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष के लिए तीन पद रखें गये हैं, जिसमें से एक पद वरिष्ठ के लिए, एक पद महिलाओं के लिए और एक पद युवाओं के लिए सुरक्षित रखा गया है। इसी तरह प्रदेश सचिव का एक पद और प्रदेश सहायक सचिव एक पद युवा और एक पद महिलाओं के लिए सुरक्षित रखा गया है। विभिन्न पदों के लिए नामांकन राशि भी तय कर दी गई है। प्रदेश के सामाजिक निर्वाचन के लिए नियमावली तैयार कर सबको सूचित कर दिया गया है जिसे सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया के माध्यम से जन सामान्य तक पहुंचा जा रहा है। नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होने की जानकारी मिलते ही विभिन्न पदों के लिए 10 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र हासिल किया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष से लेकर प्रदेश महासचिव प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदेश कोषाध्यक्ष तक के लिए नामांकन पत्र हासिल किया गया एक महिला प्रत्याशी ने भी युवा महिला सचिव के लिए नामांकन पत्र हासिल किया। मानिकपुरी पनिका समाज का कोई भी व्यक्ति जो प्रदेश स्तर पर अपनी सेवाएं देना चाहता है वह इस निर्वाचन प्रक्रिया में भाग ले सकता है। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश सहायक निर्वाचन अधिकारी घनश्याम दास मानिकपुरी ने कहा की यह बेहद सुनहरा अवसर है जब प्रदेश की प्रतिभाएं सामने आकर प्रादेशिक मंच पर अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन कर समाज को नई दिशा दें सकते हैं। यह एक खुला मंच है जिसका फायदा समाज का हर व्यक्ति लें सकता है। प्रादेशिक निर्वाचन के लिए नामांकन फॉर्म सभी जिला मुख्यालय में उपलब्ध रहेंगे। इसके अतिरिक्त प्रदेश निर्वाचन अधिकारियों से चर्चा करके ऑनलाइन नामांकन पत्र दाखिल किया जा सकता है।

### छाबड़ा ने संभाला अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष का पदभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के नए अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने गुरुवार को अपना पदभार डिप्टी सीएम विजय शर्मा की उपस्थिति में संभाला। मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विजय शर्मा ने कहा, कुछ पद से लोग सुशोभित होते हैं परंतु अमरजीत छाबड़ा जैसे कर्मशील व्यक्ति से यह पद सुशोभित होगा।

### बचे धान की नीलामी जल्दी करने खाद्य विभाग ने मिलरों के साथ की बैठक

**रायपुर।** रायपुर जिले में बचे हुए धान की बिक्री जल्द से जल्द हो। इसके लिए जिला खाद्य अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा ने मिलरों के साथ बैठक की। रेडक्रास भवन में आयोजित इस बैठक में उन्होंने मिलरों को धान की नीलामी प्रक्रिया में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने के लिए प्रेरित किया। हालांकि इस दौरान मिलरों ने वर्ष 2023-24 के भुगतान राशि में समायोजन करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि जिले में लगभग 3889 क्विंटल धान शेष बचा है। शासन ने बचे धान की नीलामी का फैसला लिया है। इसके तहत मोटा धान 1900-1950 रुपए और पतला 2050-2100 रुपए निर्धारित किया है।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर की श्रद्धा सुमन अर्पित



**मंदिर हसौद।** गुरु अमर दास बारा डेरा धाम के पास स्थित सकरी पंचायत में आधुनिक भारत के नीव रखने वाले दूरदर्शी भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 34वी पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके द्वारा देश के विकास के लिए जिसमें गावं के अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए योजनाएं बनाकर धरातल पर उतारे जिसमें कम्प्यूटर क्रांति पंचायती राज और शिक्षा के क्षेत्र में जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना जैसे क्षेत्र में उनका योगदान रहा जिनके निर्णयों ने आधुनिक भारत और देश में शांति स्थापित करने एवं सभी प्रकार के हिंसा तथा आतंकवाद के विरोध करने के लिए शपथ ग्रहण किये आज शहादत दिवस के अवसर पर मुख्य रूप से रायपुर कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष नारायण कुर्रे, सरपंच सोनल प्रशान्त कुर्रे, उप सरपंच पूर्णिमा सिन्हा, पंच गण नीलकण्ठ निषाद, करण यादव, लोमेश धुव, अलका कुर्रे, मोंगरा पाल, नंदनी ध्रुव, सजनी लहरे, महेंद्र गेन्द्रे, नेहा गेन्द्रे, ईश्वर दिवाकर, जागेश्वर कुर्रे, प्रीति रात्रे, बिरझु बारले, मदन यादव, नरेंद्र, छोटू पाल, दीनदयाल लहरे, लक्ष्मीनारायन दिवाकर, धनेश्वरी, समस्त ग्राम वासी उपस्थित थे।

**मंडल के अधिकारियों की ली बैठक**

# हाउसिंग बोर्ड की कालोनियों में होगा सोलर एनर्जी का उपयोग, अध्यक्ष ने कार्ययोजना तैयार करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की कालोनियों में जल्द ही सोलर एनर्जी का भी उपयोग किया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने कालोनियों में सोलर एनर्जी का किस प्रकार का उपयोग किया जा सकता है, इस संबंध में मंडल के अधिकारियों को कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव की अध्यक्षता में मंडल मुख्यालय में समीक्षा बैठक हुई। दो दिवसीय बैठक का गुरुवार को अंतिम दिन था। इसमें आयुक्त अवनीश कुमार शरण (आईएएस) सहित रायपुर मुख्यालय के अलावा रायपुर, नवा रायपुर, जगदलपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं अंबिकापुर से संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान कई अधिकारियों ने अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत समस्त योजनाओं का प्रस्तुतिकरण दिया।

### समय-सीमा में परियोजनाएं पूर्ण करने दिए निर्देश

अनुराग सिंह ने बैठक में मंडल अंतर्गत संचालित निर्माण परियोजनाओं की वर्तमान प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी योजनाएं तय समय-सीमा के भीतर पूरी की जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक परियोजना में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करें और नियमित निरीक्षण, मापन एवं परीक्षण की व्यवस्था करें।

### आकर्षक आवास उपलब्ध कराएं

मंडल अध्यक्ष ने कहा कि एक सुंदर घर लेने की सामान्य हितग्राही की भावना होती है। उन्होंने कहा कि इसके अनुरूप ही भवनों का एलिवेशन, कलर डिजाईन अच्छा व आकर्षक बनाए। उन्होंने कहा कि खिड़की दरवाजे के कोर अक्सर टूट जाते है,इसलिए भवनों की खिड़की व दरवाजों के चौखट ग्रेनाईट या कोटा स्टोन फ्रेम के लगाए जाए। दिव्यांगजनों के लिए निर्मित सभी रैम्प में स्टील का रैलिंग लगाया जाए, जिससे उनको सुविधा मिल सके। इन सभी प्रावधानों का सभी योजनाओं की एनआईटी में प्रावधान किया जाए। उन्होंने कॉलोनियों में बाक्स क्रिकेट का प्रावधान रखने के भी निर्देश दिए।

### औषधि वाटिका सोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा चैंबर

**रायपुर।** औषधि वाटिका एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश कार्यालय पहुंचकर अध्यक्ष सतीश थौरानी से मुलाकात की। साथ ही इस मौके पर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त चैंबर अध्यक्ष को नए दायित्व के लिए बधाई दी। साथ ही अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने प्रतिनिधिमंडल को विश्वास दिलाते हुए कहा कि आप सभी के विश्वास और समर्थन के कारण ही चैंबर को मजबूती मिलती है। उन्होंने औषधि वाटिका एसोसियेशन के प्रतिनिधिमंडल का आश्वस्त किया कि चैंबर पूरी ताकत के साथ न केवल सभी समस्याओं के जल्द समाधान का प्रयास करेगा।

## खबर संक्षेप



### छाबड़ा ने संभाला अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष का पदभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के नए अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने गुरुवार को अपना पदभार डिप्टी सीएम विजय शर्मा की उपस्थिति में संभाला। मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विजय शर्मा ने कहा, कुछ पद से लोग सुशोभित होते हैं परंतु अमरजीत छाबड़ा जैसे कर्मशील व्यक्ति से यह पद सुशोभित होगा। इस अवसर पर अल्पसंख्यक समुदाय के लिए एक हॉस्टल का भी उद्घाटन किया गया। उल्लेखनीय है अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष का पद भी फंसा हुआ था। यह मामला हाईकोर्ट में था, लेकिन इसको आपसी सहमति से हल कर लिया गया, इसके बाद अध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया है।

### बीरगांव में लगा समाधान शिविर



**रायपुर।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण में गुरुवार को नगर निगम बीरगांव में समाधान शिविर लगाया गया, जिसमें लोगों के स्वच्छता, स्थापना एवं राजस्व, पेयजल, विद्युत, आवास और अन्य विभागों से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में राशन कार्ड, श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड भी मौके पर वितरित किए गए। शिविर में विधायक मोतीलाल साहू शामिल हुए और विभिन्न विभागों के स्टॉल का अवलोकन किया। शिविर में जिला पंचायत तथा जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं नगर निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वशा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कुम्हारी टोल प्लाजा बंद कराने सांसदों को पत्र

**रायपुर।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने भारतीय जनता पार्टी के 10 सांसदों को कुम्हारी टोल प्लाजा को लेकर पत्र प्रेषित किया। श्री उपाध्याय ने बताया, छत्तीसगढ़ के दो महत्वपूर्ण शहर रायपुर और



दुर्ग के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक एनएच संख्या, 06 पर स्थित कुम्हारी टोल प्लाजा, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ में टोल वसूली जून 2006 से शुरू की गई। संबंधित ठेकेदार ने इस टोल वसूली को शर्तों के अनुसार 2015 तक जारी रखा, और 2015 के बाद 2020 तक कंसेशन रेट में टोल वसूला। अब नियम के अनुसार टोल वसूली की समयसीमा खत्म हो चुकी है लेकिन उसके बावजूद टोल वसूल कर रायपुर और दुर्ग की जनता पर अतिरिक्त भार डाला जा रहा है। नियम और शर्तों के अनुसार अधिकृत तिथि 02.03.2015 को टोल वसूली समाप्त किया जाना था, लेकिन विभाग द्वारा 40 प्रतिशत बढ़ाकर इसे 16.08.2020 तक वसूली की गई। किन्तु इसके बावजूद उक्त टोल प्लाजा में अभी तक अनाधिकृत रूप से टोल शुल्क की वसूली की जा रही है, जो नियमों और सरकारी दिशा-निर्देशों का घोर उल्लंघन है।

### बचे धान की नीलामी जल्दी करने खाद्य विभाग ने मिलरों के साथ की बैठक

**रायपुर।** रायपुर जिले में बचे हुए धान की बिक्री जल्द से जल्द हो। इसके लिए जिला खाद्य अधिकारी भूपेंद्र मिश्रा ने मिलरों के साथ बैठक की। रेडक्रास भवन में आयोजित इस बैठक में उन्होंने मिलरों को धान की नीलामी प्रक्रिया में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने के लिए प्रेरित किया। हालांकि इस दौरान मिलरों ने वर्ष 2023-24 के भुगतान राशि में समायोजन करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि जिले में लगभग 3889 क्विंटल धान शेष बचा है। शासन ने बचे धान की नीलामी का फैसला लिया है। इसके तहत मोटा धान 1900-1950 रुपए और पतला 2050-2100 रुपए निर्धारित किया है। इसी कीमत पर धान की नीलामी होनी है। बैठक में जिला विपणन विभाग के डीएमओ जसबीर बघेल, नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# पोलावरम परियोजना को लेकर प्रधानमंत्री लेंगे छत्तीसगढ़ सहित चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

पोलावरम परियोजना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह पहली बार होगा, जब प्रधानमंत्री इस राष्ट्रीय परियोजना को लेकर सीधे चार राज्यों ओडिशा, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक का उद्देश्य भूमि डूब, आदिवासी विस्थापन और पुनर्वास से जुड़े बढ़ते अंतर-राज्यीय तनावों के बीच सर्वमान्य समाधान खोजना है।

सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी की सीधी भागीदारी इस गतिरोध को तोड़ने की दिशा में निर्णायक साबित हो सकती है। बैठक में चारों राज्यों के मुख्यमंत्री, उनके जल संसाधन मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय, केंद्रीय जल आयोग और पोलावरम परियोजना प्राधिकरण के शीर्ष अधिकारी भी बैठक में भाग लेंगे। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री की इस पहल से अंतर-राज्यीय मतभेद दूर होंगे और परियोजना के कार्य में तेजी आएगी, जो बार-बार बाधित हो रहा है।

## 28 को होने वाली उच्चस्तरीय बैठक में खोजा जाएगा समाधान

### परियोजना से प्रभावित होगी आदिवासी आबादी

पोलावरम परियोजना को आंध्रप्रदेश के विभाजन के समय राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिया गया था। हालांकि, परियोजना के निर्माण से ओडिशा, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमावर्ती आदिवासी आबादी प्रभावित हो रही है। बस्तर संभाग के बीजापुर और सुकमा जिले के लगभग 25 गांव डूब में आएंगे। बताया जाता है कि यहां की हजारों हेक्टेयर कृषि जमीन भी डूब में आएगी। ओडिशा और छत्तीसगढ़ का आरोप है कि परियोजना से कई गांवों में जल डूब की स्थिति उत्पन्न होगी, जिससे आदिवासी परिवारों का विस्थापन होगा। इस विषय को लेकर इन राज्यों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं भी दायर कर रखी हैं।



### अब तक नहीं बन सकी सहमति

वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन कोई हल नहीं निकल पाया है। आंध्रप्रदेश सरकार ने प्रभावित गांवों के पास सुरक्षात्मक तटबंध बनाने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुनर्वास और भूमि अधिग्रहण की पुख्ता प्रक्रिया की मांग पर अड़े हुए हैं।

### आंध्र में एनडीए सरकार बनने के बाद कार्य में आई तेजी

आंध्रप्रदेश में एनडीए सरकार के दोबारा सत्ता में आने के बाद पोलावरम परियोजना के कार्य में फिर से गति आई है। ऐसे में केंद्र सरकार इस राष्ट्रीय परियोजना को तय समय सीमा में पूरा करने के लिए राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर ठोस प्रयास कर रही है। अब देखना यह होगा कि प्रधानमंत्री की यह पहल चारों राज्यों को एकजुट कर पाती है या नहीं, क्योंकि इस परियोजना का भविष्य काफी हद तक इस बैठक के परिणामों पर निर्भर करेगा।

## सुनवाई भी प्रभावित : लंबित मामलों की बढ़ती जा रही संख्या

# आयोगों का हाल, एससी में 7 और एसटी में चार माह से एक भी ऑर्डर जारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

छत्तीसगढ़ में रहने वाले अनूसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की जाति के लोगों के साथ महिला वर्ग को न्याय दिलाने के लिए अलग-अलग आयोग खुले हुए हैं। इन आयोग का दरवाजा ज्यादातर ऐसे लोग खटखटाते हैं, जो कोर्ट में केस दर्ज करने पर होने वाला खर्च वहन नहीं कर पाते या फिर कई सालों तक केस चलने के कारण कोर्ट का चक्कर लगाना नहीं चाहते।

ये लोग इस उम्मीद से आयोग की शरण में जाते हैं कि उन्हें जल्दी न्याय मिले, लेकिन करीब सालभर से राज्य के कई आयोग की यह स्थिति है कि ना ही ठीक से सुनवाई हो पा रही है और न ही पक्षकारों को न्याय मिल पा रहा है, जिसके कारण आयोग में ना केवल लंबित प्रकरणों की सूची लगातार बढ़ रही है, बल्कि सुनवाई पूरी होने के बाद आर्डर तक जारी नहीं हो पा रहे हैं। सूत्र के अनुसार अनुसूचित जाति आयोग में पिछले करीब 7 माह से एक भी पक्षकार के पक्ष में आर्डर जारी नहीं हुआ है, वहीं अनुसूचित जनजाति आयोग में भी करीब 4 माह से कोई ऑर्डर जारी नहीं हुआ है। इसका कारण इन आयोग में अध्यक्ष के रिक्त पद हैं। तत्कालीन कांग्रेस के शासनकाल में इन सभी आयोग में कांग्रेस नेताओं को अध्यक्ष,




उपाध्यक्ष सहित सदस्यों के पद पर नियुक्त किया गया था। विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में भाजपा की सरकार आने के बाद सभी आयोग सहित निगम मंडलों में नई नियुक्ति की तैयारी शासन स्तर पर की जा रही थी। इसे लेकर आदेश भी जारी हुआ था, जबकि कई पदाधिकारियों का कार्यकाल ही समाप्त नहीं हुआ था। इसे देखते हुए कुछ आयोग के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा हाईकोर्ट में याचिका भी लगाई गई, जिनमें महिला आयोग की अध्यक्ष डा. किरणमयी नायक के पक्ष में फैसला भी आया। इसके बाद से वह अपना कार्यकाल समाप्त होने तक अध्यक्ष पद पर बनी हुई हैं।

### ओबीसी आयोग में 38 प्रकरण लंबित

छत्तीसगढ़ राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग में सबसे कम 38 प्रकरण ही लंबित है। इनमें 24 प्रकरण पिछले वर्ष के हैं, वहीं 12 प्रकरण 2023 एवं 1-1 प्रकरण 2020 और 2021 के हैं। ओबीसी आयोग में भाजपा से नाथूराम निषाद को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के बाद आयोग में लगातार सुनवाई हो रही है तथा आर्डर भी जारी किया जा रहा है।

### एससी आयोग में ढाई सौ से अधिक प्रकरण लंबित

अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष केपी खांडे भी हाईकोर्ट में याचिका लगा रखी है, जिस पर फैसला आना है। बताया जा रहा है कि केपी खंडे को याचिका लगाए लगभग 3 से 4 माह हो चुका हैं, लेकिन वे करीब 7 माह से आयोग जाना ही छोड़ दिए हैं, जिसके कारण आयोग में अब उनकी जगह आयोग के सचिव द्वारा प्रकरणों पर सुनवाई की जा रही है। यह सुनवाई बहुत धीमे गति से की जा रही है, जिसके कारण लंबित प्रकरणों की संख्या बढ़कर ढाई सौ से ज्यादा पहुंच गए हैं। इधर जिन प्रकरणों में सुनवाई पूरी हो चुकी है, उनमें भी बगैर अध्यक्ष के पक्षकार के पक्ष में आर्डर जारी नहीं हो पा रहे हैं। इस तरह सुनवाई पूरी होने के बाद भी पक्षकार को न्याय नहीं मिल पा रहा है।

### एसटी आयोग में सबसे ज्यादा प्रकरण लंबित

अनुसूचित जनजाति आयोग में सबसे ज्यादा प्रकरण लंबित है। आयोग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार लगभग दो हजार प्रकरण यहां लंबित हैं। इनमें करीब दो सौ प्रकरण 8 से 10 साल पुराने हैं, वहीं सैकड़ों प्रकरण 2 से 5 साल के बीच के है। एसटी आयोग में भी पिछले लगभग चार माह से सुनवाई प्रभावित है। आयोग के अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह कांग्रेस शासन में नियुक्त किए गए थे। इनका कार्यकाल समाप्त हुए करीब 4 माह हो चुके हैं, लेकिन अब तक आयोग में नए अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं की गई है। इसके कारण आयोग में पिछले चार माह से एक भी पक्षकार के पक्ष में आर्डर जारी नहीं हो पाया है, वहीं सुनवाई भी प्रभावित हो रही है। फिलहाल आयोग के नवनियुक्त सचिव पवन नेताम प्रकरणों पर सुनवाई कर रहे हैं।

## भाजपा माना मंडल की तिरंगा यात्रा में मंत्री केदार कश्यप हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं देश की आन, बान और शान, भारतीय सैनिकों के साहस, शौर्य और पराक्रम को नमन करते हुए भाजपा माना मंडल की तिरंगा यात्रा महावीर नगर स्थित अटल उद्यान से प्रारंभ होकर अमलीडीह हनुमान मंदिर तक निकाली गई। तिरंगा यात्रा में प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप सहित ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू मुख्य रूप से शामिल हुए।

जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी ने बताया, यात्रा में सभी धर्म, जाति, संप्रदाय और सभी वर्गों के लोग भारत माता की जय एवं भारतीय जवान जिंदाबाद के गगनभेदी नारों के साथ हाथ में तिरंगा थामे शामिल हुए। श्री कश्यप ने कहा कि जिस प्रकार बड़ी संख्या में आमजन तिरंगा यात्रा में शामिल हुए हैं इससे एकजुटता, देशभक्ति, सहित राष्ट्रीय गौरव का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, राष्ट्र की सुरक्षा की जब भी बात आएगी, हम सभी एक हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री मोदी की कुशल कूटनीति के कारण पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है।

तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से आरडीए अध्यक्ष नंदे साहू, अकबर अली, लीलाधर चंद्राकर, सीमा साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

### आईसक्रीम दुकान में गंदगी, जुर्माना

**रायपुर।** जोन 5 क्षेत्र के चंद्रशेखर नगर के बाबी आईसक्रीम सेंटर में गंदगी की शिकायत मिलने पर जोन कमिश्नर खीरसागर नायक के निर्देश पर टीम ने स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण के दौरान गन्दगी मिली, जनशिकायत सही पायेज जाने पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने संबंधित आइसक्रीम दुकान के संचालक पर तत्काल 3,000 रूपये का जुर्माना लगाया

# अब ट्रांसफर-पोस्टिंग, प्रमोशन के बाद 10 ई ऑफिस में डाटा होगा अपडेट

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के कामकाज में ई-ऑफिस सिस्टम लागू होने के बाद पूर्व से जारी नियम-प्रक्रिया में बदलाव आने वाला है। राज्य में अब किसी अधिकारी कर्मचारी का ट्रांसफर, पोस्टिंग, और प्रमोशन के बाद उनका डाटा ई ऑफिस सिस्टम में अपडेट होगा। यह काम संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को कराना होगा। ऐसा नहीं करने पर सामान्य प्रशासन विभाग खुद 10 दिन बाद संबंधित का डाटा नव पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी की आईडी में ट्रांसफर कर देगा।

### सरकार ने जारी किया आदेश, ये होगी प्रक्रिया

इस संबंध में सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। का गया है कि विभाग में परिवर्तन होने पर ई ऑफिस के क्रिएटेड इनबॉक्स में या फाइल रिपोजिटरी में क्लोज्ड फाइल के रूप में मौजूद सभी लेटर, रिसिप्ट




और फाईल को विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी को भेजा जाएगा। ई ऑफिस के रीसिव्ड लेटर्स में इंट्रा इआफिस के रूप में प्राप्त सभी पत्रों को डीलिट करके विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी को भेजा जाएगा। विभाग से संबंधित ई ऑफिस में उपलब्ध सभी दस्तावेज को हस्तांतरण करने के बाद पदोन्नति, पदस्थापना, भारमुक्ति आदेश का रिसिप्ट बनाकर ई ऑफिस के माध्य से संचालनालय, मैदान कार्यालय में पदस्थ अधिकारी, कर्मचारी अपने विभाग के नोडल अफसर एवं मंत्रालयीन अधिकारी कर्मचारी सामान्य प्रशासन विभाग को ई ऑफिस में अपडेट करने के लिए सूचित करेंगे।

### सरकार ने लिया ये फैसला

इस संबंध में सरकार ने निर्णय लिया है कि स्थानांतरण आदेश के बाद 10 दिनों के पहले ई ऑफिस के सभी दस्तावेज संबंधितों को हस्तांतरण के बाद संचालनालय, मैदानी कार्यालय में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी अपने विभाग के नोडल ऑफिस या मंत्रालयीन अधिकारी कर्मचारी सामान्य प्रशासन को ई ऑफिस के माध्यम से सूचित करेंगे।

### अगर सूचित नहीं किया तो ये होगा

सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश में ये भी कहा है कि अधिकारी कर्मचारी द्वारा निर्धारित समयावधि में सूचित नहीं किए जाने पर स्थानांतरण आदेश के 10 कार्यालयीन दिवस के बाद ई ऑफिस आईडी में उपलब्ध सभी लेटर, रिसिप्ट और फाइल नवपदस्थ अधिकारी-कर्मचारी के आईडी में हस्तांतरित कर ई ऑफिस आईडी संशोधन या विलोपन की कार्यवाही नोडल अफसर या सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा की जा सकेगी।

## राशि समर्पण पर भी नया नियम

# एक योजना के लिए मिली राशि दूसरी जगह नहीं कर सकते खर्च, वित्त विभाग के दिए निर्देश

## किस मद की राशि के पुनर्विनियोजन की मिल सकती है अनुमति

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त विभाग ने राज्य के सभी सरकारी विभागों के लिए पुनर्विनियोजन और बचतों के समर्पण के लिए नए नियम बनाए हैं। विभाग का कहना है कि इस संबंध में राज्य बनने के समय, उसके अगले साल और अब से 18 साल पहले भी निर्देश दिए गए, लेकिन देखने में आया कि विभाग निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं।

इस स्थिति को देखते हुए पुराने सभी निर्देशों को खत्म करते हुए नए निर्देश और नियम जारी किए गए हैं। इसमें साफ किया गया कि किस तरह के मद की राशि का दूसरे मद में उपयोग नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही विभाग ने बजट में बची राशि के समर्पण को लेकर भी नए नियम जारी किए हैं।

### ऐसे मद जिसमें पुनर्विनियोजन है प्रतिबंधित



वित्त विभाग ने साफ किया है कि ऐसे कौन से मद है जिसमें पुनर्विनियोजन पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसमें कहा गया है कि पूंजी अनुभाग से राजस्व अनुभाग में, राजस्व अनुभाग से पूंजी अनुभाग में, मतदेय से भारित, भारित से मतदेय तथा एक मांग संख्या से दूसरी मांग संख्या के अंतर्गत पुनर्विनियोजन नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही केंद्रीय क्षेत्रीय एवं शतप्रतिशत बाह्य सहायता प्राप्त योजनाओं से कोई भी राशि अन्य योजनाओं में पुनर्विनियोजित नहीं की जा सकेगी।

### इस राशि को हाथ नहीं लगाना है

यह भी कहा गया है कि कार्यालय व्यय के स्वीकृत बजट में किए गए प्रावधान बढ़ाने के लिए किसी भी परिस्थिति में पुनर्विनियोजन नहीं किया जा सकेगा। ऐसे व्यय जो राजस्व संग्रहण से संबंधित हैं, उनमें बचत होने पर किसी अन्य व्यय को जो राजस्व प्राप्ति से संबंधित नहीं है पुनर्विनियोजन नहीं हो सकता है। ऐसी कतिपय नई सेवाओं पर जो बजट में विचारित न हों, होने वाले व्यय का पूरा करने के लिए कोई पुनर्विनियोजन नहीं किया जाएगा।

### कहां कर सकते हैं और कैसे ये भी बताया

वित्त विभाग ने अपने इसी निर्देश में ये भी बताया है कि वे मद जिनमें वित्त विभाग की पूर्व अनुमति से ही पुनर्विनियोजन किया जा सकता है। वे मद जिनमें शर्त या सीमा से अधिक पुनर्विनियोजन किया जा सकता है। पुनर्विनियोजन के लिए कैसे प्रस्ताव बनाया जाना है ये भी साफ किया गया है।

### राशि समर्पण कैसे किया जा सकता है

वित्त ने बजट की राशि में बचत राशि के समर्पण के संबंध में नियमों से सभी शासकीय कार्यालयों को अवगत कराया है। इसमें कहा गया है कि समर्पण के प्रस्ताव हर साल 31 मार्च तक स्वीकृत कर ऐसे प्रेषित किया जाए कि वह 30 अप्रैल के पहले महालेखाकार कार्यालय में रिपोर्ट अनुभाग को प्राप्त हो जाए। समर्पण की स्वीकृतियों में आधिक्य या बचत के कारण का स्पष्ट उल्लेख किया जाए। विभाग द्वारा समर्पण के कवरिंग लैटर में समर्पण की राशि तथा मांग संख्या का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

## मंडल के अधिकारियों की ली बैठक

# हाउसिंग बोर्ड की कालोनियों में होगा सोलर एनर्जी का उपयोग, अध्यक्ष ने कार्ययोजना तैयार करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर



छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की कालोनियों में जल्द ही सोलर एनर्जी का भी उपयोग किया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने कालोनियों में सोलर एनर्जी का किस प्रकार का उपयोग किया जा सकता है, इस संबंध में मंडल के अधिकारियों को कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव की अध्यक्षता में मंडल मुख्यालय में समीक्षा बैठक हुई। दो दिवसीय बैठक का गुरुवार को अंतिम दिन था। इसमें आयुक्त अवनीश कुमार शरण (आईएएस) सहित रायपुर मुख्यालय के अलावा रायपुर, नवा रायपुर, जगदलपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं अंबिकापुर से संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान कई अधिकारियों ने अपने कार्यक्षेत्र अंतर्गत समस्त योजनाओं का प्रस्तुतिकरण दिया।

### समय-सीमा में परियोजनाएं पूर्ण करने दिए निर्देश

अनुराग सिंह ने बैठक में मंडल अंतर्गत संचालित निर्माण परियोजनाओं की वर्तमान प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी योजनाएं तय समय-सीमा के भीतर पूरी की जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक परियोजना में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करें और नियमित निरीक्षण, मापन एवं परीक्षण की व्यवस्था करें।

### आकर्षक आवास उपलब्ध कराएं

मंडल अध्यक्ष ने कहा कि एक सुंदर घर लेने की सामान्य हितग्राही की भावना होती है। उन्होंने कहा कि इसके अनुरूप ही भवनों का एलिवेशन, कलर डिजाईन अच्छा व आकर्षक बनाए। उन्होंने कहा कि खिड़की दरवाजे के कोर अक्सर टूट जाते है,इसलिए भवनों की खिड़की व दरवाजों के चौखट ग्रेनाईट या कोटा स्टोन फ्रेम के लगाए जाए। दिव्यांगजनों के लिए निर्मित सभी रैम्प में स्टील का रैलिंग लगाया जाए, जिससे उनको सुविधा मिल सके। इन सभी प्रावधानों का सभी योजनाओं की एनआईटी में प्रावधान किया जाए। उन्होंने कॉलोनियों में बाक्स क्रिकेट का प्रावधान रखने के भी निर्देश दिए।

# औषधि वाटिका एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा चैंबर

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

औषधि वाटिका एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश कार्यालय पहुंचकर अध्यक्ष सतीश थौरानी से मुलाकात की। साथ ही इस मौके पर विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

इस दौरान एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त चैंबर अध्यक्ष को नए दायित्व के लिए बधाई दी। साथ ही अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने प्रतिनिधिमंडल को विश्वास दिलाते हुए कहा कि आप सभी के विश्वास



और समर्थन के कारण ही चैंबर को मजबूती मिलती है। उन्होंने औषधि वाटिका एसोसियेशन के प्रतिनिधिमंडल का आश्वस्त किया कि चैंबर पूरी ताकत के साथ न केवल सभी समस्याओं के जल्द समाधान का प्रयास करेगा, बल्कि सभी को साथ लेकर आगे बढ़ते हुए व्यापारी हित में कार्य करता रहेगा। चैंबर भवन में हुई चर्चा में अध्यक्ष सतीश थौरानी के साथ औषधि वाटिका एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र हरचंदानी राजेश गुरनानी, राकेश ओचवानी, पंकज जैन, टिंकू लालवानी, अमित छाबड़ा, धर्मपाल ग्वालानी, गुलाब साहू महेश नत्थानी और राम मूलवाणी शामिल हुए।

# मूणत ने छात्राओं से शुरू कराया विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने गुरुवार को एक अनोखी पहल करते हुए स्कूली छात्राओं से विकास कार्यों का भूमिपूजन कुदाल चलवा कर कराया। नगर निगम जोन 8 के वीर सावरकर वार्ड और माधवराव सप्रे वार्ड के लिए इस मौके पर 4.12 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। श्री मूणत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वीर सावरकर वार्ड विकास के मामले में भी नंबर वन वार्ड बनाया जायेगा। जनता की मांग पर ही ये योजनाएं बनायी गयी हैं और उसे कार्यान्वित कर दिखाया जायेगा।



**ये रहे उपस्थित:** कार्यक्रम में जोन 8 अध्यक्ष प्रीतम ठाकुर, संदीप साहू, अशोक पांडे, बजरंग अग्रवाल, आशु चंद्रवंशी, एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल, भोलाराम साहू, पार्षद गायत्री चंद्राकर, अर्जुन यादव, बल्ला साहू सहित क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

नगर निगम जोन 8 के हीरापुर में रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने वीर सावकर वार्ड और माधवराव सप्रे वार्ड में 4.12 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, वार्ड पार्षद संदीप साहू सहित अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। महापौर मीनल चौबे ने कहा यह भूमिपूजन रायपुर के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रकार के विकास कार्यों से नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर मिलेगा। सभापति सूर्यकांत राठौर ने कहा हम सभी जनप्रतिनिधि मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी क्षेत्र विकास से अछूता न रहे। यह कार्य शहर के सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में अहम पहल है। वीर सावरकर वार्ड पार्षद संदीप साहू ने इस मौके पर कहा कि रायपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक राजेश मूणत के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं जो राजनीति से उपर उठकर हमारे वार्ड के विकास कार्यों के लिए सजग हैं। यह केवल शुरूआत है, आगे और भी योजनाएं जनता के बीच क्षेत्र के विधायक द्वारा लायी जाएगी। उनका यह प्रयास है कि कोई गली, कोई मोहल्ला विकास से अछूता न रहे। वीर सावरकर वार्ड में सामुदायिक भवन निर्माण, रामजानकी मंदिर के पास रंगमंच निर्माण, अटारी केंद्र नंबर 1 में आंगनबाड़ी, वामनराव लाखे उच्चतर माध्यमिक शाला की सरहदी दीवाल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसी तरह माधवराव सप्रे वार्ड के स्वीकृत कार्य में रामकृष्ण मंदिर परिसर महादेव घाट के पास सामुदायिक भवन निर्माण, सत्यम विहार कालोनी गणेश नगर रायपुरा में 20 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, शिव विहार कालोनी देवनगरी रायपुरा में शिव मंदिर के पास सामुदायिक भवन, कुम्हारपारा में रंगमंच निर्माण, सियान सदन रायपुरा के पास अतिरिक्त कक्ष, अग्रोहा कालोनी में गेट निर्माण और सीसीटीवी कैमरा लगाने, रायपुरा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य शामिल है।

## बिजनेस साइट

### डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद हॉस्पिटल और एसएसआईपीएमटी के बीच ऐतिहासिक एमओयू



**रायपुर।** श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (एसएसआईपीएमटी) और डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के बीच एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता शिक्षा, चिकित्सा, नवाचार और जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में आपसी सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। समझौते के तहत दोनों संस्थाएं मिलकर समाज में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता फैलाने, स्वास्थ्य कैंप और योग शिविरों के आयोजन सहित कई गतिविधियों को अंजाम देंगी। इसका उद्देश्य आम लोगों को प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धति के प्रति विश्वास और अपनाने की प्रेरणा देना है। डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. अभिमन्यु साहू ने बताया कि इस साझेदारी के अंतर्गत एसएसआईपीएमटी के समस्त स्टाफ को चिकित्सा सेवाओं में विशेष छूट प्रदान की जाएगी। साथ ही हॉस्पिटल परिसर में नियमित रूप

### श्री नारायणा हॉस्पिटल में दो दिवसीय 'स्पाईग्लास कॉलेंजियोस्कोपी वर्कशॉप' का सफल आयोजन

**रायपुर।** श्री नारायणा हॉस्पिटल में दो दिवसीय 'स्पाईग्लास कॉलेंजियोस्कोपी वर्कशॉप' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस विशेष वर्कशॉप में पित्त की नली संबंधी जटिल बीमारियों के उपचार के लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया गया। हॉस्पिटल के प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. भाविक शाह ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेंजियोस्कोपी एक अत्याधुनिक दूरबीन विधि है, जिसकी मोटाई महज 5 मिलीमीटर होती है। यह तकनीक पित्त की नली में जाकर वहां मौजूद पथरी, स्टेंट या अन्य रुकावटों का सटीक इलाज करने में सक्षम है। वर्कशॉप के दौरान एक मरीज की गंभीर पथरी, जो ईआरसीपी के तीन बार प्रयास के बावजूद नहीं निकल सकी थी, उसे स्पाईग्लास कॉलेंजियोस्कोपी से सफलतापूर्वक छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़कर निकाला गया। हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सुनील खेमका ने बताया कि स्पाईग्लास कॉलेंजियोस्कोपी एक क्रांतिकारी तकनीक है, जो बिना पेट में चीरा लगाए, डे-केयर बेसिस पर मरीजों को राहत देती है।



### डॉ. छत्रपाल वट्टी के न्यू लाइफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड पेन सेंटर में सभी प्रकार के दर्द का इलाज

**रायपुर।** संतोषी नगर चौक स्थित डॉ. छत्रपाल वट्टी का न्यू लाइफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड पेन सेंटर छत्तीसगढ़ का एकमात्र समर्पित सुपर स्पेशलिटी दर्द निवारण केंद्र बनकर उभरा है। यह अस्पताल बिना चीरफाड़ और बिना ऑपरेशन के हर प्रकार के पुराने और जटिल दर्द का इलाज करने के लिए जाना जाता है। सिरदर्द, सायटिका, कमरदर्द, स्लीप डिस्क, गर्दन व कंधे का दर्द, घुटनों का दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, एड़ी का दर्द और कैंसर से संबंधित पीड़ा जैसे जटिल मामलों में यहां सफल इलाज संभव है। कई मरीजों के दर्द का सफल उपचार इंजेक्शन के माध्यम से किया जा चुका है। हॉस्पिटल में अत्याधुनिक तकनीकों द्वारा इलाज किया जाता है, जिनमें ओजोन थैरेपी, पीआरपी, सिम्पेथेटिक ब्लॉक, नर्व ब्लॉक्स, नर्व एबलेशन, प्रोलो थैरेपी, फ्लोरोस्कोपिक गाइडेड इंटरवेंशन, फेसेट ब्लॉक्स, नी और शोल्डर ब्लॉक्स जैसी सेवाएं शामिल हैं।



## खबर संक्षेप

### ऑपरेशन सिंदूर और तिरंगे झंडे के सम्मान में पेंशनरों की बैठक कल

**रायपुर।** पेंशनर्स समाज भवन, कलेक्टोरेट परिसर, जिला पंचायत के पीछे स्थित पेंशनर्स समाज भवन में 24 मई को दोपहर 1 बजे पेंशनरों की बैठक होगी। बैठक में ऑपरेशन सिंदूर और तिरंगे झंडे के सम्मान में पेंशनरों द्वारा चर्चा की जाएगी। छत्तीसगढ़ पेशनर्स समाज के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने बताया कि विगत दिनों आतंकियों द्वारा जम्मू-कश्मीर में 26 बेकसूर नागरिकों का धर्म पूछकर निर्दयतापूर्वक गोलियां चलाकर निर्मम हत्या कर दिया गया, जिसका विरोध पूरे भारत वर्ष के सभी नागरिकों द्वारा भर्त्सना, धर्म एवं भाषा से परे होकर जोर-शोर से की गई। भारत के वीर सैनिकों द्वारा प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार ऑपरेशन सिंदूर का आयोजन कर 100 से अधिक आतंकवादियों का खात्मा कर दिया गया।

# रोड एक्सीडेंट को लेकर आज होगी स्टेक होल्डरों की बड़ी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी से सटे बलौदाबाजार मार्ग पर एक पखवाड़े के भीतर दूसरी बार बड़ी सड़क दुर्घटना हुई है। दुर्घटना के बाद कार तथा ट्रेलर में आग लग गई। कार में आग लगने से ड्राइवर जिंदा जल गया। कार सवार अन्य लोगों ने किसी तरह कार से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। राज्य के अलग-अलग जिलों में आए दिन हो रही सड़क दुर्घटना पर लगाम लगाने शुक्रवार को सभी स्टेक होल्डरों की बैठक बुलाई गई है। बैठक में सभी विभागों के सचिव स्तर के अधिकारी शामिल होंगे और एक्सीडेंट पर लगाम लगाने मंथन करेंगे।

रायपुर से बलौदाबाजार मार्ग का फोर लेन में उन्नयन होना है। फोर लेन बनाने डीपीआर तैयार होने में दो माह का समय लगेगा। इसके बाद रोड निर्माण होने में कम से कम डेढ़ से दो साल का समय लगेगा। ऐसे में इस मार्ग में एक्सीडेंट पर अंकुश लगाने पुलिस तथा प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है। बलौदाबाजार मार्ग का चौड़ीकरण होना है, ऐसे में इस रोड को सुधार के लिए किसी भी प्रकार से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस वजह से इस मार्ग में आए दिन सड़क दुर्घटना होने की बात जानकार कह रहे हैं।



### आई रेड से निगरानी कर बचाव का उपाय

इंटिग्रेटेड रोड एक्सीडेंट के डेटा एप के माध्यम से सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने की कोशिश की जाएगी। इस एप में पुलिस के साथ ट्रैफिक, लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, स्थानीय के साथ जिला प्रशासन, बिजली, स्वास्थ्य विभाग सहित एक दर्जन विभागों को जोड़ा गया है। कहीं भी एक्सीडेंट की घटनाएं होती हैं, एप के माध्यम से जानकारी साझा की जाती है। साथ ही एक्सीडेंट के कारणों का उल्लेख किया जाता है। उसी डेटाबेस की निगरानी कर रोड एक्सीडेंट के प्रमुख कारण क्या है, इसकी जानकारी हासिल कर व्यवस्था सुधारने को लेकर शुक्रवार को स्टेक होल्डरों की बैठक में चर्चा की जाएगी।

### तीन गाड़ी आपस में भिड़ीं

बुधवार को संडी तथा कोदवा के बीच तीन गाड़ी आपस में भिड़ गईं, जिसके कारण कार तथा ट्रेलर में आग लग गई। पुलिस के अनुसार रात करीब नौ बजे रायपुर से बलौदाबाजार जा रही माजदा की विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलर के साथ आमने सामने टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों वाहन बीच सड़क पर पलट गए। इस दौरान रायपुर से आ रही कार अनियंत्रित होकर ट्रेलर के पीछे जा भिड़ी। भिड़ंत के तुरंत बाद कार और ट्रेलर में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कार में बैठे लोग बाहर निकालने की कोशिश करने लगे। कार में सवार मोहन भारद्वाज, उसके पुत्र मोनू भारद्वाज और रिश्तेदार तोपचंद भारद्वाज समेत परिवार के अन्य सदस्य किसी तरह से बाहर निकलने में कामयाब हुए, लेकिन कार ड्राइवर सेवक साहू निवासी गोड़ा बाहर नहीं निकल पाया और कार में जिंदा जल गया।

### *एक्सीडेंट की बड़ी वजह रोड शोल्डर*

*रायपुर से बलौदाबाजार मार्ग डबल लेन है, किसी जगह यह मार्ग सिंगल लेन है। इस मार्ग में भारी वाहन के चालक रोड शोल्डर ठीक नहीं होने की वजह से अपने वाहन को सड़क से नीचे नहीं उतारते। रोड किनारे के शोल्डर में तीन से चार इंच का गैप रहता है। इसके कारण भारी वाहन के चालक अपनी गाड़ी सड़क से नीचे नहीं उतारते। इसके अलावा छोटी गाड़ी भी गाड़ी पलटने के डर से अपनी गाड़ी सड़क से नीचे नहीं उतारते। इस वजह से इस मार्ग पर एक्सीडेंट की घटनाएं ज्यादा होती हैं। इस मार्ग पर हर माह औसतन रोड एक्सीडेंट में आठ से दस लोगों की मौतें होती हैं।*

## पहलगाम शहीद के पुत्र को मैट्स विश्वविद्यालय से पूर्ण छात्रवृत्ति

**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय ने राष्ट्र के प्रति अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता के तहत पहलगाम में आतंकी हमले के दौरान शहीद हुए एक वीर सैनिक के पुत्र को स्नातक शिक्षा के लिए पूर्ण छात्रवृत्ति प्रदान की है। विश्वविद्यालय ने छात्र की संपूर्ण शिक्षा अवधि के लिए सभी प्रकार के शुल्क को माफ कर दिया है। यह सराहनीय पहल हमारे शहीदों के परिवारों के प्रति सम्मान और सहयोग का प्रतीक है। यह निर्णय कुलाधिपति गजराज पगारिया की राष्ट्रसेवा और वीरों के प्रति गहन समर्पण को भी दर्शाता है।



# अंकसूची सुधार के लिए थोक में अर्जी, अब नई व्यवस्था प्रवेशपत्र की होगी जांच, इसके आधार पर मार्कशीट

**माशिम का डीएलएल महाविद्यालयों को खत-अपात्र को वितरण किया तो प्राचार्य जवाबदेह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- प्रवेशपत्र की करनी होगी बारीकी से जांच, इसके बाद ही वितरण

डीएलएड छात्रों के प्रवेशपत्र की अब कड़ाई से जांच की जाएगी। इसके अलावा अब यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी अपात्र छात्र को प्रवेश पत्र वितरित नहीं किया जाए। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने आदेश जारी कर दिया है। माशिम ने डीएलएड प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के लिए प्रवेशपत्र का वितरण 20 मई को किया। इसके साथ ही आदेश जारी कर डीएलएड शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य तथा संस्था प्रमुखों को कहा है कि वे प्रवेशपत्र वितरण के पूर्व इसकी बारीकी से जांच करें। इसके अलावा माशिम ने कहा है कि अपात्र छात्राध्यापकों को प्रवेशपत्र वितरण ना किया जाए। जो परीक्षा में बैठने के लिए पात्र नहीं है अथवा जिनके प्रवेशपत्र में त्रुटि है, उसे पुनः मुख्यालय के परीक्षाकक्ष में जमा कराया जाए। यदि अयोग्य उम्मीदवार परीक्षा में शामिल हो जाता है तो इसके लिए प्राचार्य तथा संस्था प्रमुख ही उत्तरदायी होंगे। गौरतलब है कि प्रवेशपत्र में दर्ज जानकारी के आधार पर ही अंकसूची में छात्र की जानकारी दर्ज होती है। अधिकतर महाविद्यालय तथा छात्र प्रवेशत्र की त्रुटियों की ओर ध्यान नहीं देते हैं।



### *थोक में त्रुटि*

*छात्रों द्वारा अंकसूची सुधार के लिए प्रतिवर्ष थोक में आवेदन दिए जाते हैं। इस बार प्रवेश पत्र की ही बारिकी से जांच करने कहा गया है। इसमें कोई त्रुटि होने पर तत्काल माशिम को सूचित करना होगा।*

*- राजीव गुप्ता, संयोजक बीएड कॉलेज संघ*

### अब तक मर्ज नहीं

डीएलएड एकमात्र ऐसा पाठ्यक्रम है, जिसमें छात्रों को प्रवेश बारहवीं कक्षा के बाद दिया जाता है, लेकिन जिसकी परीक्षाएं माशिम द्वारा आयोजित कराई जाती है। इसी तरह से बीएड भी स्नातक स्तर पर संचालित होने वाला एकमात्र पाठ्यक्रम है, जो उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत ना आकर राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के अधीन आता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत इसे उच्च शिक्षा विभाग के अधीन करने का प्रावधान है। इसके लिए कमेटी भी मौजूदा वर्ष के जनवरी माह में गठित की गई थी, लेकिन अब तक इसे उच्च शिक्षा विभाग में मर्ज नहीं किया जा सका है।





# नाबालिग से बाइक लूटने वाला शातिर घूम-घूमकर करता रहा अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में कालेज छात्र की बाइक तथा मोबाइल लूट के आरोप में गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर बदमाश अब्दुल्ला उर्फ पप्पू साहू के खिलाफ पंडरी में एक और युवक ने घर घुसकर लूट तथा मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अब्दुल्ला ने अपने दो अन्य साथियों के साथ लूट की थी।

मोवा, लक्ष्मीनगर में किराए के मकान में रहने वाले मिथिलेश राम ने अब्दुल्ला तथा उसके साथी चीकू और आदित्य के खिलाफ लूट की शिकायत दर्ज कराई है। मिथिलेश ने पुलिस को बताया है कि पिछले सप्ताह शनिवार देर रात अब्दुल्ला तथा उसके साथी उसके घर पहुंचे और जोर-जोर से दरवाजा पीटते हुए अपना मोबाइल चार्ज करने चार्जर मांगने लगे। जोर-जोर से दरवाजा पीटने से मिथिलेश का रूप पार्टनर और दोस्त परेशान हो गया। इस दौरान उसने दरवाजा खोल दिया। दरवाजा खोलने के बाद अब्दुल्ला और उसके साथी मिथिलेश तथा उसके दोस्त के साथ मारपीट कर चाकू की नोक पर हाथ में पहनी घड़ी, मोबाइल, चांदी के छल्ले सहित नकदी लूट ली।



### *एक ही रात में दो वारदात*

*बदमाशों ने जिस रात मिथिलेश और उसके साथी के साथ लूट की थी, उसी रात अब्दुल्ला ने इनोवा कार में सवार होकर अपने अन्य साथियों के साथ शुभम की बाइक लूट की थी। लूट के बाद बदमाशों ने मिथिलेश को धमकाते हुए कहा था कि यदि वे थाने में लूट की शिकायत करेंगे, तो वो उसको मार देंगे। मिथिलेश ने घटना की जानकारी अपने सेठ को दी, तब सेठ के कहने पर मिथिलेश, अब्दुल्ला और उसके साथियों के खिलाफ बुधवार को थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचा।*















## खबर संक्षेप



### छात्र संगठन ने रविवि में प्रवेश शुल्क लेने का किया विरोध

**रायपुर।** छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट आर्गेनाइजेशन द्वारा रविवि में प्रवेश परीक्षा में लिए जा रहे शुल्क का विरोध किया, यह पहले निशुल्क था। साथ ही रविवि में वॉटर कूलर की मरम्मत, नियमित सफाई, शौचालय, वाई-फाई सुविधा सहित छात्रावास में सीट संख्या बढ़ाने, रिक्त पदों को भरने की मांग उठाते हुए यूनिवर्सिटी स्तरीय छात्र कन्वेंशन किया गया। साथ ही कन्वेंशन की तैयारी के दौरान एबीवीपी द्वारा मनमानी करने के खिलाफ कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया।

### एमए अर्थशास्त्र के परिणाम जारी

**रायपुर।** रविवि द्वारा एमए अर्थशास्त्र अंतिम वर्ष के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। इस परीक्षा में 173 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 91.91 प्रतिशत ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। इसके अलावा एमए संस्कृत अंतिम वर्ष के परिणाम 30.61%, एमए पब्लिक रिलेशन अंतिम वर्ष के परिणाम 81.82%, एमएससी गणित प्रथम वर्ष के परिणाम 12.7% तथा अंतिम वर्ष के परिणाम 29.27% रहे हैं। छात्र रविवि की वेबसाइट में जाकर परिणाम देख सकते हैं।

### समाधान शिविर आज

**रायपुर।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण में नगर निगम द्वारा जोन 7 के सात वार्डों के समस्या समाधान के लिए 23 मई को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तरह जोन 5 के वार्डों के लिए 26 मई को अश्वनी नगर के महाराष्ट्रीयन तेली समाज भवन में समाधान शिविर आयोजित है। इस मौके पर आवेदकों को उनके आवेदन पर की गयी समाधान के कार्यवाही की जानकारी दी जायेगी।

# मानसून पूर्व मेंटेनेंस, रोज सौ से ज्यादा फीडरों के लाखों उपभोक्ताओं की बिजली गुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में मई की भरी गर्मी में शहर से लेकर गांवों तक लाखों उपभोक्ताओं की घंटों बिजली गुल हो रही है। इसके पीछे का कारण यह है कि छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी मानसून के लिए फीडरों का मेंटेनेंस कर रही है। प्रदेश में 55 सौ फीडर हैं। रोज सौ से ज्यादा फीडरों में मेंटेनेंस का काम किया जा रहा है। ऐसे में रोज चार से छह घंटों तक बिजली बंद करनी पड़ रही है।

मेंटेनेंस का यह काम 15 जून तक चलेगा। पॉवर कंपनी जहां गर्मी के लिए फरवरी से मार्च के बीच फीडरों का मेंटेनेंस करती है, वहीं मानसून के लिए मई और जून में मेंटेनेंस किया जाता है। इसके अलावा बीच में और भी कई कारणों से मेंटेनेंस के लिए बिजली बंद की जाती है। गर्मी में बिजली बंद होने से उपभोक्ता परेशानी में हैं। बिजली बंद को उपभोक्ता कटौती मान रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के पास बिजली की कोई कमी नहीं है। भले अपना उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट होता है और गर्मी में इस बार खपत सात हजार मेगावाट के पार गई है, लेकिन इसकी पूर्ति करने के लिए पॉवर कंपनी सेंट्रल सेक्टर से चार हजार मेगावाट से ज्यादा बिजली लेती है। इसके बाद भी शहर से लेकर गांवों तक इन दिनों लगातार रोज चार से छह घंटों तक बिजली बंद होने पर यह कहा जा रहा है कि कटौती हो रही है।

हालांकि पॉवर कंपनी के अधिकारियों को कटौती कहने से आपत्ति भी है। उनका कहना है कि मानसून के लिए फीडरों का मेंटेनेंस किया जा रहा है और इसके लिए जहां अखबारों में एक दिन पहले ही सूचना दी जाती है, वहीं उपभोक्ताओं के मोबाइल पर भी मैसेज भेजा जाता है।

### गर्मी में घंटों बिजली गुल से परेशानी

#### करीब डेढ़ माह लगते हैं मेंटेनेंस में

प्रदेश में 55 सौ फीडर हैं। इनका मेंटेनेंस करने के लिए करीब डेढ़ माह का समय लग जाता है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक रोज सौ से ज्यादा फीडरों में मेंटेनेंस का काम करना ही पड़ता है, तब जाकर गर्मी या फिर मानसून में बिजली व्यवस्था ठीक रहती है। हालांकि पॉवर कंपनी के अधिकारी इस बात से भी इनकार नहीं करते हैं कि मेंटेनेंस करने के बाद भी खराबी नहीं आएगी इसकी कोई गारंटी नहीं है, क्योंकि कभी आंधी-तूफान या फिर अन्य किसी कारण से भी खराबी आ जाती है तो उसके लिए कुछ नहीं किया जा सकता है। लेकिन गर्मी और मानसून से पहले यह तैयारी जरूरी रहती है कि फीडर सही काम करें और परेशानी न हो। पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि मानसून से पहले मेंटेनेंस जरूरी रहता है, इसलिए मई और जून में मेंटेनेंस करना मजबूरी है, क्योंकि हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। 15 जून से पहले अगर मेंटेनेंस नहीं होता तो ज्यादा परेशानी हो सकती है। गर्मी में गर्मी के पहले फरवरी और मार्च का समय तय रहता है क्योंकि आमतौर पर ज्यादा गर्मी अप्रैल से जून तक पड़ती है।



## गोकुलनगर में 50 लाख के वर्मी कंपोस्ट पिट खराब

# 9 गोबर खरीदी केंद्र में से आधे में काम बंद, कुछ केंद्र में महिला समूह खरीद रहा गोबर, खाद बनाने से लेकर बेचने का जिम्मा भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन काल में पशुपालकों से 2 रुपये किलो में गोबर खरीदी के लिए नगर निगम के 10 जोन में 9 गोबर खरीदी केन्द्र बनाये गए। महिला स्वसहायता समूहों को प्रशिक्षण देकर इसके संचालन का जिम्मा दिया गया। महिलाएं गोबर से खाद, कंडे, गोकाष्ठ सहित अन्य तरह के उत्पाद बनाकर विक्रय करती रहीं।

विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश में सरकार बदलने के बाद शहर के 9 गोबर खरीदी केन्द्रों में 5 स्थानों के गोबर खरीदी केन्द्र बंद हो गये हैं। बाकी के केन्द्रों में गोबर की सरकारी खरीदी बंद होने के बाद भी महिला समूह अपने सीमित संसाधन से गोबर खरीदी कर खाद बना रहे हैं। हरिभूमि ने इसकी पड़ताल की। पेश है एक रिपोर्ट -

### समूह की महिलाओं से निगम ने ली चाबी, मशीन और समान वाले कमरे में लगा दिया ताला

#### गोकुलनगर में 120 कंपोस्ट पिट ध्वस्त 40 टन खाद को मिट्टी में मिला दिया





नगर निगम जोन 6 क्षेत्र के पशुपालकों के लिए गोकुलनगर गोबर खरीदी केन्द्र शुरू किया गया। कान्हा महिला स्वसहायता समूह को केन्द्र के संचालन की जिम्मेदारी दी गयी। 35 जरूरतमंद महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त कर गोबर खरीदी के साथ केचुआ खाद, गोबर से गोकाष्ठ बनाना, कंडे, गमले सहित अन्य तरह के उत्पाद बनाकर विक्रय किया। केचुआ पालने के लिए निगम ने 120 पिट तैयार करवाये। इसके निर्माण में 50 लाख रुपये खर्च हुए। विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के बाद जोनस्तर पर महिला समूह से गोबर खरीदी केन्द्र की चाबी लेकर खाद बनाने की मशीन और सामग्री को कक्ष में ताला लगा दिया। तब से यह केन्द्र बंद पड़ा है। प्रभावितों का कहना है, तत्कालीन जोन के एक अधिकारी ने 120 पिट को ध्वस्त कराकर 40 लाख टन खाद को भूमिगत करा दिया। अब यह स्थान वीरान पड़ा है, समूह की महिलाओं के सामने आजीविका चलाने की समस्या है।

#### कोटा में मरघट की जमीन पर गोबर खरीदी केन्द्र, काम बंद फिर भी निगम का कब्जा





जोन 7 इलाके में दिशा कलेज के सामने कोटा श्मसान घाट की जमीन पर निगम ने विरोध के बाद भी गोबर खरीदी केन्द्र खोला। श्मशानघाट समिति और वार्ड पार्षद भोला साहू के विरोध के बाद भी केंद्र संचालित रहा। जोन वालों ने यह कहा, यह अस्थायी व्यवस्था है। गोबर खरीदी केन्द्र बंद होने के बाद स्पॉट पर वर्मी कंपोस्ट खाद डंप है। गोकाष्ठ विक्रय केन्द्र में ताला लगा हुआ है। नगर निगम ने श्मशान घाट की जमीन पर से कब्जा नहीं हटाया है, जबकि एक अरसे से इस श्मशानघाट का उपयोग संतराम दास वार्ड, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड, शहीद मनमोहन सिंह वार्ड के रहवासी अंतिम संस्कार के लिए करते आ रहे हैं।

#### निगम स्तर पर करेंगे प्रोत्साहित

अपने संसाधन से गोबर खरीदी कर खाद सहित अन्य उत्पाद बना रहे महिला समूहों को नगर निगम स्तर पर प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि महिलाएं अपने दम पर इस कार्य को अच्छे से कर सकें। निगम से जो भी सहायता हो सकेगी, उपलब्ध कराएंगे। - **मीनल चौबे**, महापौर, नगर निगम रायपुर

#### जरवाय में 3.50 लाख का लोन लेकर महिलाएं चला रहीं गोबर खरीदी केन्द्र





जोन 8 के जरवाय गोबर खरीदी केन्द्र में सरोना और जरवाय की 35 महिलाएं स्वसहायता समूह बनाकर गोबर से केचुआ खाद, कंडा, गोकाष्ठ, गुलाल, गमला सहित अन्य तरह के उत्पाद बना रही हैं। सरकारी स्तर पर गोबर खरीदी बंद होने के बाद भी इन महिलाओं ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने 3.50 लाख रुपये का लोन लेकर अपना काम जारी रखा है। डेयरी वालों, पशुपालकों से प्रति ट्राली 1800 रुपये से 2000 रुपये गोबर खरीद कर पेंट बनाने का कार्य किया जा रहा है। गोवर्धन महिला स्वसहायता समूह की अध्यक्ष धनेश्वरी रात्रे ने बताया कि समूह द्वारा बनाई गई खाद वन विभाग, कृषि विभाग सहित निजी नर्सरी वाले खरीद रहे हैं। ओडिसा, उज्जैन सहित अन्य शहरों में इस खाद की अच्छी मांग है। महिलाएं चाहती हैं, शासन स्तर पर उनके कार्यों को प्रोत्साहित किया जाए। यह समूह लक्ष्मी आर्गेनिक के साथ मिलकर गोबर से पेंट, पुट्टी बनाने का काम भी कर रहा है। जोन 5 क्षेत्र के डगनिया खदान के पास जयलक्ष्मी महिला स्वसहायता समूह की महिलाएं अपने संसाधन से गोबर खरीदी कर खाद बनाने का काम कर रही हैं।

# एक राष्ट्र-एक चुनाव पर कैट टीम ने ली बैठक

■ सिविल लाइन के वृंदावन सभागार में सेमिनार 26 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




कंफेडेरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राजधानी स्थित प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को एक राष्ट्र-एक चुनाव पर बैठक आयोजित की गयी। राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया कि बैठक में कैट द्वारा तय किया गया कि 26 मई को एक राष्ट्र - एक चुनाव पर सेमिनार का आयोजन वृन्दावन हाल सिविल लाइन में किया जायेगा।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने बताया कि मार्च-अप्रैल 2021 के दौरान चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में हुए चुनावों का भी संभावित योगदान माना जा रहा है, इसलिये एक राष्ट्र, एक चुनाव जैसी महत्त्वपूर्ण अवधारणा पर तर्कपूर्ण चर्चा करना आवश्यक हो गया है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार देश में प्रत्येक वर्ष कम-से-कम एक चुनाव होता है। दरअसल प्रत्येक राज्य में प्रत्येक वर्ष चुनाव भी होते हैं। उस रिपोर्ट में नीति आयोग ने तर्क दिया कि इन चुनावों के चलते विभिन्न प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नुकसान होते हैं। प्रत्येक चुनाव के दौरान सरकारी तंत्र चुनाव ड्यूटी और संबंधित कार्यों के कारण अपने नियमित कर्तव्यों से चूक जाता है। चुनावी बजट में चुनाव के दौरान उपयोग किये जाने वाले इन मानव-घंटे की लागत की गणना नहीं की जाती। अमर पारवानी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता सरकार की कार्यकारिणी को भी प्रभावित करती है, क्योंकि चुनावों की घोषणा के बाद न तो किसी नई महत्त्वपूर्ण नीति की घोषणा की जा सकती है और न ही क्रियान्वयन। इस अवधारणा के अंतर्गत मुख्य रूप से 5 मुद्दों पर चर्चा किये जाने की आवश्यकता है, इन पांच मुद्दों में शामिल हैं: चुनाव कराने की वित्तीय लागत; बार-बार प्रशासनिक स्थिरता की लागत, सुरक्षा बलों की बार-बार तैनाती में आने वाली दृश्य और अदृश्य लागत, राजनीतिक दलों के अभियान और वित्त लागत तथा क्षेत्रीय व छोटे दलों को समान अवसर प्राप्त होने का प्रश्न।

#### ये रहे उपस्थित

बैठक में जितेन्द्र दोशी, परमानंद जैन, वासु माखीजा, सुरिन्द्र सिंह, अजय अग्रवाल, अवनीत सिंह, अमरीक सिंह, मधु अरोरा, पिंकी अग्रवाल, प्रेरणा भट्ट, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज, नरेश कुमार पाटनी, प्रीतपाल सिंह बग्गा , लोकेश साहू, राजेन्द्र खटवानी, मनीष सोनी, रतनदीप सिंह, शैलेन्द सिंह, बीएस परिहार, मुकेश झा, गुरमीत सिंह उपस्थित रहे।

# शनिवार की छुट्टी कटी तो कर्मचारी संगठन बौखलाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




■ पुलिस मुख्यालय ने शनिवार की छुट्टी रद्द करने का जारी किया परिपत्र

पुलिस मुख्यालय ने शनिवार की छुट्टी स्थगित करने का परिपत्र जारी कर दिया है। एडीजी प्रशासन द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि पुलिस मुख्यालय में अब अधिकारियों और कर्मचारियों को शनिवार को कार्यालय आना पड़ेगा। परिपत्र जारी करने के पीछे लंबित कार्यों को पूरा करना बताया जा रहा है। यह संकेत मिल रहे हैं कि मंत्रालय और विभागाध्यक्ष कार्यालयों में भी शनिवार का अवकाश स्थगित करते हुए पांच दिन वर्किंग के आदेश को बदलने की कवायद चल रही है। कर्मचारी संगठन इससे बौखला गए हैं।

फेडरेशन के संयोजक श्री कमल वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा, पांच कार्य दिवस की व्यवस्था पूर्ववर्ती सरकार द्वारा कर्मचारियों एवं आम जनता दोनों के हित में लागू की गई थी। निर्णय से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को न केवल अपने घरेलू कार्यों, बल्कि पारिवारिक सदस्यों के इलाज जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों को भी सुगमता से निभाने का अवसर प्राप्त हुआ है। शनिवार और रविवार को वे अपने स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत कार्यों के लिए समय निकाल पाते हैं। उन्होंने कहा, यह कहना पूर्णतः अनुचित है कि पांच दिवसीय कार्य प्रणाली से कार्य प्रभावित हो रहा है। वास्तविकता यह है कि अधिकारी-कर्मचारी देर रात तक कार्य करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में राज्य के विभिन्न कैडरों में केवल 60 प्रतिशत पद ही भरे हुए हैं और यही 60 प्रतिशत कार्मिक समस्त शासकीय योजनाओं का 100 प्रतिशत कार्यभार वहन कर रहे हैं। फेडरेशन ने यह भी स्मरण कराया कि पूर्व में माह के दो शनिवार को अवकाश की व्यवस्था पहले से ही प्रचलित थी। छत्तीसगढ़ राज्य में इस व्यवस्था को केवल 'प्रोपेगंडा' के आधार पर समाप्त करना एक अत्यंत संवेदनहीन एवं कर्मचारी विरोधी कदम होगा।

# 20 साल साधु की जिंदगी जीने वाले बुजुर्ग ने पत्नी की गला दबाकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ हत्या करने के बाद जेल जाने के लिए खरोरा से चलकर रायपुर पहुंचे बुजुर्ग को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ घर लौटने के बाद पति पत्नी के बीच पुराने संबंधों को लेकर विवाद होता था

खरोरा पुलिस ने रायपुर से एक 74 वर्षीय बुजुर्ग को पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में जिस बुजुर्ग को गिरफ्तार किया है, वह अयोध्या में 20 साल साधु की जिंदगी व्यतीत करने के बाद अपने गांव लौटा था। गांव लौटने के बाद बुजुर्ग का अपनी पत्नी के साथ उसके पुराने संबंधों को लेकर विवाद होता था। इसी विवाद के चलते बुजुर्ग ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी।

पुलिस ने खरोरा, बेलटुकरी निवासी विषरू धीवर को अपनी 71 वर्षीय पत्नी शांति की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार कुछ माह पूर्व ही विषरू अयोध्या से अपने घर लौटा था। घर लौटने के बाद पति पत्नी के बीच पुराने संबंधों को लेकर विवाद होता था। गुरुवार को दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि विषरू ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी।

#### हत्या के बाद जेल जाने रायपुर पहुंचा

पत्नी की हत्या करने के बाद विषरू बुरी तरह से घबरा गया, उसे मालूम था कि हत्या करने वाले लोगों को पुलिस मारपीट करने के बाद जेल भेजती है। विषरू पुलिस की मार न खाना न पड़े, इस डर से वह जेल जाने खरोरा से रायपुर पहुंच गया। घटना की जानकारी मिलने पर खरोरा पुलिस आनन-फानन में रायपुर पहुंची और विषरू को गिरफ्तार कर अपने साथ थाने लेकर गई।

विषरू के बारे में पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जब से वह घर लौटा है, वह अपनी पत्नी पर नजर रखता था। विषरू की पत्नी नहाने जाने के साथ जहां भी जाती थी, विषरू उसका पीछा करते हुए पहुंच जाता था। इस बात को लेकर दोनों के बीच आए दिन विवाद होता था।

आवश्यकता है



ड्राइवर
इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा एवं ड्राइविंग लाइसेंस के साथ संपर्क करें
समय : सुबह 10 से शाम 6 बजे
एच.आर. विभाग
हरिभूमि inh. पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

## पेज 13 के शेष ...

### 11.50 करोड़ की...

कर्मचारियों के दफ्तर होंगे। सूत्र के अनुसार फर्स्ट फ्लोर में एसडीएम और तहसीलदार के कोर्ट और दफ्तर होंगे, दूसरी मंजिल में अन्य तहसीलदारों के कोर्ट-दफ्तर होंगे। तीसरे और चौथे फ्लोर पर अन्य विभागों के कार्यालय होंगे।

### उरकुरा स्टेशन हुआ...

जगह, टिकट काउंटर, शौचालय, प्रतीक्षालय, रेलवे अधिकारियों के कक्ष और प्लेटफॉर्म से जुड़ी अन्य सुविधाएं। लगभग 6 करोड़ 93 लाख रुपए खर्च कर उरकुरा रेलवे स्टेशन का री-डेवलपमेंट किया गया है। सीनियर डीसीएम अवधेश कुमार त्रिवेदी ने बताया कि इस सुविधा से नए यात्रियों को स्टेशन पर भटकना नहीं पड़ेगा और समय की बचत होगी। उन्होंने यह भी बताया कि उरकुरा स्टेशन को पूरी तरह से सीसीटीवी कैमरों से कवर किया गया है, जिससे सुरक्षा भी पहले से अधिक मजबूत हुई है। आने वाले समय में स्टेशन में और भी जरूरी सुविधाएं जोड़ी जाएंगी। उरकुरा स्टेशन अब एक आधुनिक और स्मार्ट स्टेशन के रूप में यात्रियों को एक नया अनुभव दे रहा है।

**सुविधा देखकर खुश हुए यात्री :** उरकुरा स्टेशन में रोजाना हजार से अधिक यात्रियों की आवाजाही होती है। उद्घाघाट में स्थानी लोग शामिल हुए। यात्रियों ने बताया कि सुविधा बढ़कर यात्रियों की परेशानी दूर कर दी है। पहले प्लेटफार्म नहीं होने से ट्रेन में चढ़ने में परेशानी होती थी पहले प्लेटफार्म नहीं होने की वजह से उन्हें ट्रेन में चढ़ने में परेशानी होती थी। अब अच्छी व्यवस्थाएं की गई है। यात्रियों ने कहा कि पुराने रेलवे स्टेशन में बाथरूम की व्यवस्था भी नहीं थी, लेकिन अब एक डेवलप बाथरूम और स्टेशन हमें मिला है, तो यह बहुत खुशी की बात है।

### उरकुरा से अब...

भिलाई स्टेशन ही विकल्प हुआ करता था, लेकिन अब उरकुरा स्टेशन भी पूरी तरह तैयार है। रायपुर रेलवे स्टेशन में चल रहे रिडेवलपमेंट कार्यों के दौरान यदि आवश्यकता पड़ी, तो रेलवे उरकुरा से भी ट्रेनों का संचालन कर सकेगा। यह स्टेशन अब न सिर्फ यात्रियों के लिए, बल्कि रेलवे के संचालन के लिए भी एक अहम केंद्र बन चुका है।

### ड्रग तस्करी, प्रोफेसर...

सजा सुनाई है। पुलिस ने इन चारों को 13 मई 2024 को खम्हारडीह स्थित धोतरे फार्म हाउस में छापा मारकर पकड़ा था। फार्म हाउस में चारों कमरा किराया लेकर ड्रग बेचने का काम कर रहे थे। मामले की जांच एसआई मनोज पटेल ने की थी, जिन्होंने मात्र 60 दिन के भीतर चालान तैयार कर विशेष न्यायालय में पेश किया। विशेष न्यायाधीश ने त्वरित सुनवाई करते हुए नौ माह के भीतर चारों को दोषी ठहराया और सजा सुनाई। कोर्ट ने जब्त किए गए सोने और कार को राजसात करने के भी आदेश दिए हैं।

### तड़के तक हुई एक...

में सर्वाधिक 5 सेमी बारिश हुई। इसके अलावा कुटरू व सुहेला में 4 सेमी, मोहला, अहिवारा, बागबाहरा में 3 सेमी, कवर्धा, बालोद, कोमाखान, खैरागढ़, उसूर, गुंडरदेही, धमतरी, तिल्दा, ओरछा, दुर्गकोंदल, बीजापुर, बेरला, दुर्ग, छुईखदान, बागबहार और गुरुर में 2 सेमी बारिश हुई। रायपुर सहित धमतरी, सिमगा, पाटन, नवापारा, महासमुंद, बेमेतरा व अन्य कुछ जगहों पर एक सेमी बारिश हुई। शेष जगहों पर इससे कम बारिश अथवा बूंदाबांदी ही हुई।

### हॉलमार्क का पंजीयन...

जरूरी है। राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश में बिना पंजीयन के जेवर बेचने वाले सराफा कारोबारियों पर अब कोई एक्शन भी नहीं लिया गया है। इस बात को लेकर अधिकारी भी गंभीर नहीं हैं। संभावना इस बात की भी है कि ग्राहकों को कहीं हॉलमार्क के नाम से ठगा तो नहीं जा रहा है। दूसरे राज्यों में ऐसे मामले सामने आए हैं कि नकली हॉलमार्क के जेवर बेचे जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी ऐसा होने की संभावना है। पंजीयन कराने का कोई शुल्क न होने के बाद भी जेवर बेचने वाले कारोबारी पहले इस उम्मीद में पंजीयन कराने से बच रहे थे कि सरकार शायद जल्द ही जेवर बेचने वाले कारोबारियों के लिए पंजीयन की अनिवार्यता समाप्त कर देगी। इसके लिए केंद्रीय मंत्री को पत्र भी लिखा गया था, लेकिन केंद्र सरकार ने ऐसी कोई छूट नहीं दी, इसके बाद भी कारोबारियों ने पंजीयन नहीं कराया है।

### 75 फीसदी का...

के सदस्य नहीं हैं और अपना कारोबार करते हैं, वे पंजीयन कराने में गंभीर नहीं हैं। इसी तरह की स्थिति पूरे राज्य में है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
03 जून, 22 जुलाई, 12 अगस्त, 09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007




श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411